हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 9 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

10 तृप्ति होटल से एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स जब्त



11 दुर्लभ मानव जीवन को सार्थक बनाने संत और सज्जनों की करें संगत





## खबर संक्षेप

### मूकबधिर युवती से अनाचार का प्रयास

**भिलाई।** मूकबधिर युवती से जबरन अनाचार का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्त में लिया है।मोहन नगर पुलिस ने बताया कि कातुलबोर्ड में मंगलवार को 19 वर्षीय मुक बधिर युवती के साथ जबरन तामेश्वर यादव अनाचार का प्रयास किया। युवती किसी तरह स्वयं को बचाते हुए भाग कर कमरे के बाहर निकली। खबर लगने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मूकबधिर युवती सुबह घर में सो रही थी। तभी उसी समय तामेश्वर आ गया। जो हमेशा उनके यहां आया करता था। घटना के समय युवती घर पर अकेली था। जिसका फायदा उठाते हुए सो रही युवती के साथ जबरन अनाचार का प्रयास किया। परेशान युवती तुरंत कमरे के बाहर निकल कर अपने इशारे से सभी लोगों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ कर रही है।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305,331(4) के तहत जूर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जोन 3 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी ए. सत्या राव का परिवार 21 जनवरी को मकान में ताला जड़कर अपने नाती ए.जानवी के जन्मदिन मनाने हाउसिंग बोर्ड गए थे। 25 जनवरी की सुबह खुर्सीपार लौटने पर बाहर के दरवाजे में ताला लगा हुआ था। भीतर से कुंडी लगा हुआ था। दरवाजा खोल कर देखा तो भीतर के दरवाजा का कुंडी टूटा पड़ा मिला। लॉकर से सोना-चांदी के जेवरत पारकर दिया

### शराब की दुकान के पास चाकू लहराते गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब दुकान के पास से चाकू लहराते हुए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296,351(2),115(2),119(1) भारतीय न्याय सहिता 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक चाकू जब्त किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि साकेत नगर कोहका निवासी सुनील कुमार ने पुलिस में शिकायत किया है। जय हिंद चौक स्मृति नगर निवासी दध्यराज उर्फ मोटू यादव नामक व्यक्ति शराब दुकान का शटर खोलकर दुकान के पास आया और गाली गलौज कर मारने की धमकी देने लगा। आरोपी ने अग्रेजी शराब दुकान के कर्मी राकेश साहू के साथ मारपीट भी किया।

# नशे का अड्डा मोहन नगर

# भिलाई-दुर्ग समेत जिले में चार साल में तीन करोड़ के नशे का सामान पकड़ाया

जेएम तांडी ▸▸|भिलाई

*जिले में नशे का बड़ा कारोबार बेखौफ तरीके से जारी है। दो दिन पहले ओम नगर उरला में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना की बड़ी वजह नशा थी। बता दें कि दुर्ग जिले में नशा का बड़ा हॉट स्पॉट मोहन नगर थाना क्षेत्र है। जहां विजय नगर, जयंती नगर उरला, शंकर नगर, आमा पारा, ग्रीन चौक सहित अन्य जगहों पर धड़ल्ले से अवैध सूखा नशा पहुंच रहा है, और युवा इसकी लत का शिकार हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चलाकर भी नहीं रोक पा रही है।*

चार सालों में जिस तरह से जिले में नशे का सामान पुलिस ने जब्त किया है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि आने वाले समय में दुर्ग जिला भी अब उड़ता पंजाब बनने के करीब है। पुलिस ने जिले के थानो में चार सालों में 207 प्रकरण एनडीपीएस के मामले दर्ज किए है। जिसमें 2 करोड़ 80 लाख 1 हजार 371 रुपए का नशे का सामान जब्त किया है। इन नशे के सामानों में गांजा, ब्राउनशुगर, हीरोइन, नशीली दवाएं शामिल है। खास बात इसमें यह है कि दुर्ग जिले में स्कूल कालेज के सामने ही ब्राउन शुगर का कारोबार बेखौफ तरीके से अनजान युवक बेचते है। पुलिस तक को जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस नशे के कारण ही ओम नगर उरला में उसके सगे चाचा ने नशे की हालत में उसके साथ गलत काम कर उसका गला दबा कर हत्या कर दी। इसके अलावा जिले में कई ऐसे मामले अब तक हो चुके है, जिसमें नशा बड़ा कारण उभर कर सामने आ रहा है। इस नशे के कारोबार को पूरी तरह बंद करने के लिए पुलिस जिस तरह से ड्रग पैडलरों की घेराबंदी शुरुआती दौर पर किया था। उससे लग रहा था वाकई जिले से नशा का खात्मा हो जाएगा। लेकिन अब फिर पुराने ढर्रे पर पुलिस का कार्य चल रहा है। इस कारण नशे के सौदागरों का सबसे बड़ा ठिकाना आज प्रदेश का भिलाई-दुर्ग बन गया है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### महिलाएं भी नशे के कारोबार में शामिल

शहर के कई इलाकों में महिलाएं नशे का कारोबार चलाती हैं। नशे का बड़ा अड्डा मोहन नगर थाना के विजय नगर, ओम नगर उरला, ग्रीन चौक दुर्ग, तितुरडीह, मोहन नगर समेत कई क्षेत्रों में कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। यही वजह है कि नशे का कारोबार गहरी जड़ें जमा चुका है। पुरुष महिलाओं को आगे कर यह अवैध कारोबार भिलाई-दुर्ग में चला रहा है। बावजूद इसके पुलिस इन पर हाथ डालने से बचती है। नशे में युवा गिरफ्त में आ रहे है। नशे के माफियाओं पर पुलिस हाथ डालने से बचती नजर आती है। शराब और गांजा बेचने का काम सुबह 6 बजे से शुरू होता है और शराब दुकान खुलने के 2 घंटे बाद तक चलता है। दोपहर 1 बजे शराब की अवैध ब्रिकी बंद कर दी जाती है। फिर रात 8 बजे से दोबारा यह काम शुरू होता है, जो रात 1 बजे तक चलता है।

### खास बातें

- छह वर्ष की बच्ची से ओम नगर उरला में हुए दुष्कर्म की घटना में भी नशा सबसे बड़ा कारण
- नागपुर समेत दीगर राज्यों से सूखा नशा पहुंच रहा जिले में



फाइल फोटो

### चार साल में जब्त नशे के सामान की कीमत

| वर्ष | वारदात | रकम |
|---|---|---|
| 2021 | 68 | 2817612 |
| 2022 | 71 | 6469628 |
| 2023 | 23 | 5590836 |
| 2024 | 45 | 5223295 |

### नागपुर से ट्रेन से पहुंचता है ब्राउन शुगर, विजय नगर में ट्रैक के पास फेंका जाता, जहां से शुरू होती है ब्राउन शुगर की बिकवाली

हरिभूमि पड़ताल में खुलासा हुआ है कि ब्राउन शुगर सहित अन्य सूखा नशा नागपुर और महाराष्ट्र के अन्य शहरों से भिलाई-दुर्ग में पहुंच रहा है। नागपुर से हर दिन रात के समय तस्कर ब्राउन शुगर की पुड़िया लेकर दुर्ग पहुंचते हैं, वे शहर से ठीक पहले विजय नगर क्षेत्र में ब्राउन शुगर को फेंक देते हैं, जहां स्थानीय युवा इसे उठा लेते हैं। और बेचते हैं। इसके लेकर सैकड़ों लोगों का पूरा रैकेट काम कर रहा है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में गांजा की तस्करी भी हो रही है। गांजा ओडिशा के मलकानगिरी, कोरापुट सहित आसपास के अन्य हिस्सों से ट्रेन के माध्यम से दुर्ग पहुंच रही है। पुलिस की लगातार जांच और कार्रवाई के बाद भी तस्कर नशे का यह सामान जिले में खपाने में सफल हो रहे हैं। इसका सीधा असर जिले की आपराधिक घटनाओं पर पड़ रहा है। आपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है।

### प्रतिबंधित नशीली दवाओं का बड़ा कारोबार

प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार बड़े स्तर पर चल रहा है। बावजूद अवैध कारोबार पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि शहर में चल रहे प्रतिबंधित दवाओं के कारोबार के तार रायपुर, नागपुर, पंजाब समेत देश के अन्य बड़े शहरों से जुड़े हैं। मोटी कमाई करने के लिए मेडिकल संचालक,कुछ पुलिस कर्मियों से सांठगांठ कर नियमों को दरकिनार कर जिंदगियों से खेल रहे हैं। प्रतिबंधित दवाएं दोगुने से ज्यादा दामों पर बेच रहे हैं। नींद के लिए दी जाने वाली अल्प्राजोलम टैबलेट का सबसे ज्यादा अवैध कारोबार हो रहा है। क्लोनाजेपैम व अल्प्राजोलैम (नींद के लिए), कोडीन, एसिटालोप्रेम (डिप्रेशन, सुसाइडल थॉट के इलाज), एटीजोलैम (नींद व चिंता से जुडी) की भी मांग है। इन्हीं दवाओं का उपयोग बड़ी संख्या में नशेड़ी और अपराधी भी कर रहे हैं। 50 से 100 रुपए के टेबलेट को 300 रुपए में बेचा जा रहा है।

### ब्राउन शुगर, गांजा और हिरोइन की जा चुकी है जब्त

**केस 1** चार लाख रुपए का ब्राउन शुगर पुलिस ने जब्त किया है। जिसमें आरोपी देवेन्द्र उर्फ मोंटू विश्वकर्मा, वैभव खंडेलवाल, रुस्तम नेताम अनीस उर्फ सोना राजपुत से 170 पुड़िया ब्राउन शुगर मिला। मोहननगर पुलिस ने गिरधारी नगर कोष्टा तालाब के पास जब्त किया गया।

**केस 2** पांच लाख रुपए का चिट्टा (हिरोइन) पुलिस ने जब्त किया है। इसमें शेर सिंह नामक युवक को पकडा था। पूछताछ में पंजाब के जोधा सिंह, लवप्रीत सिंह भी पुलिस के हत्थे चढ़े थे।

**केस 3** गांजा और 445 देशी शराब के साथ गोकुल कुमार को मोहन नगर पुलिस ने पकड़ा था।

### नशा बेचने वालों की असली जगह जेल



नशे के माफियों के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान चल रहा है। पुलिस कई बड़े नशे के कारोबारियों को पकड़कर बेनकाब किया है। स्कूल, कालेज और बच्चों के बीच पुलिस स्वयं पहुंचकर जागरुकता लाने का काम कर रही है। नशा बेचने वालों को किसी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। उनकी असली जगह जेल है।

**जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

अधिवक्ता संघ का निर्णय

## मासूम के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी की पैरवी नहीं करेंगे वकील

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

रामनगर उरला की 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट में न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल भेज दिया है। जघन्य अपराध से आम लोग स्तब्ध है। अधिवक्ता संघ ने भी आज बैठक कर घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए अधिवक्ताओं से अपील की है कि आरोपी की कोई भी वकील पैरवी न करें। जिला अधिवक्ता संघ की बैठक अध्यक्ष नीता जैन की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे कार्यालय में हुई। बैठक में राम नवमीं के दिन कन्या भोज के लिए निकली 6 साल की मासूम बच्ची के साथ घृणित कार्य और हत्या किए जाने की घटना को अधिवक्ता संघ ने बेहद निंदनीय बताते हुए अधिवक्ताओं से अपील की कि दरिंदे आरोपी की कोई भी वकील पैरवी न करें। नीता जैन का कहना था कि ऐसे दरिंदे आरोपी को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने सूचना जारी कर सभी वकीलों से आरोपी की पैरवी नहीं करने की अपील की है। संघ की बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, उमा भारती, सचिव रविशंकर सिंह, अनिल जायसवाल, राकेश यादव, रविशंकर मानिक पुरी, बजरंग श्रीवास्तव, नितेश साहू, रविश राजपूत, विक्रम पारख, अजय शर्मा, पं. अजय मिश्रा, दमियंती चंद्राकर, दानिश परवेज सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

**पुलिस ने चुपके से आरोपी को किया कोर्ट में पेश:** रामनगर उरला में हुई घटना के आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने पुरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुबह 10 बजे दुर्ग पाक्सो कोर्ट में पेश किया। आरोपी को पेश किए जाने की भनक अधिवक्ताओं को नहीं मिल पाई। कोर्ट ने न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल भेज दिया है। अधिवक्ताओं ने पुलिस के द्वारा चुपके से की गई इस कार्रवाई की निंदा करते हुए रोष व्यक्त किया।

# वैशालीनगर विधायक व भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ खुर्सीपार में सद्बुद्धि यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

- समाज और समाज के लोगों की उपेक्षा का लगाया आरोप



यादव समाज के लोगों ने भाजपा सरकार, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन और जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यादव समाज द्वारा मंगलवार की दोपहर उन्हें सदबुद्धि दिलाने के नाम पर सदबुद्धि यज्ञ किया। इस दौरान यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में इस आयोजन में शामिल हुए। समाज के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद यादव ने बताया कि आगामी दिनों में प्रदेश के सभी जिलों में इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा। पिछले दिनों भाजपा ने निगम और मंडल अध्यक्षों की घोषणा की, इसमें यादव समाज के प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। इससे पूरा यादव समाज खासा नाराज है। जबकि यह बाद स्पष्ट हो चुकी है कि प्रदेश में साहू समाज के बाद दूसरा बड़ा समाय यादवों का है। इसके बाद भी लगातार उनकी उपेक्षा हो रही है। पूर्व पार्षद और नेता जय प्रकाश यादव की भिलाई में उपेक्षा की जा रही है। उन्हें कहीं कोई स्थान नहीं दिया जा रहा है। भाजपा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के बेटे के खिलाफ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज हुआ है। इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही है। इसे देखते हुए सदबुद्धि यज्ञ किया गया।






### नहर में मिली युवक की लाश की नहीं हो पाई शिनाख्त

**भिलाई।** नहर में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। जामुल पुलिस ने बताया कि मंगलवार को राजीव नगर क्षेत्र में नहर में एक युवक की लाश मिली है। नहर के ऊपर से एक युवक निकल रहा था इस दौरान उसकी नजर शव पर पड़ी। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। लोगों ने जामुल पुलिस को सूचना देने के बाद टीम मौके पर पहुंची और शव को लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शव पूरी तरह से अकड़ चुका था। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि शव दो दिन पुराना हो सकता है। शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले है। हत्या है या आत्महत्या यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

### पीएम आवास योजना की लाटरी आज

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृत परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का लाटरी पद्धति से आबंटन को नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय परिसर में आयोजित है।

नेवई पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

## महिला की नौकरी लगाने का झांसा देकर 3 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

महिला से बीएसपी में कम्प्युटर आपरेटर पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मैत्री कुज निवासी नीलम सिंह के पति का निधन 2018 में हुआ। महिला प्राइवेट जॉब कर अपने बच्चे की पढ़ाई और घर का खर्चा उठाती है। जॉब से खर्च पूरा नहीं होने के कारण अच्छी जॉब की तलाश में महिला थी। इस दौरान उसके छोटे भाई के दोस्त ने बताया कि मैत्रीकुंज रिसाली निवासी उमेश कुमार बारले मंत्रालय रायपुर में काम करता है। पैसे लेकर लोगों की नौकरी लगाता है। महिला को नौकरी की जरुरत होने पर उमेश कुमार बारले से संपर्क किया। उमेश ने अच्छी जॉब दिलाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए महिला से लिया। महिला को बीएसपी में अधिकारियों से सेटिंग का हवाला देकर कम्प्युटर आपरेटर में नौकरी लगवाने की जानकारी दी। रुपए देकर सालों होने के बाद महिला की नौकरी भी नहीं लग पाई और न ही उसके रुपए वापस किया। परेशान होकर महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से किया।




**खबर संक्षेप**



## स्थापना दिवस पर मंदिर व स्कूल में साफ-सफाई

**दुर्ग।** भाजपा चण्डी शीतला मंडल के अध्यक्ष कमलेश फेकर के नेतृत्व में भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर एवं स्कूल सफाई वार्ड 57 सिद्धेश्वर महादेव मंदिर एवं शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल उरला में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक दिनेश देवांगन, मंडल सह-संयोजक नवीन साहू, कन्हैया चंद्राकर, पार्षद नरेंद्र बंजारे, गोविन्द देवांगन, रेशमा सोनकर, सरस निर्मलकर, अमित पटेल, दिनेश नलोडे, संतोष जायसवाल, नीलकमल साहू, खुशबू साहू, रानी सोनी, भुनेश्वरी निर्मलकर, पूजा साहू सहित भाजपा के वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योगासन स्पर्धा के लिए चयन



**दुर्ग।** राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडेरेशन के अंतर्गत 5 वीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2024-25 केरल (त्रिवेन्द्रम) में आयोजित हुई। जिसमें शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के योग विभाग के छात्र राहुल कुमार साहू ने आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम स्थान, ट्रेडिशनल इवेंट में द्वितीय स्थान एवं आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में तृतीय स्थान तथा धनश्याम ने आर्टिस्टिक पेयर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप जुलाई 2025 जो कि दुबई में आयोजित हैं। जिसमें इनका चयन किया गया है। प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह, एवं वरिष्ठ प्राध्यापक जगजीत कौर सलूजा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप एवं सहा.प्रा. योग डॉ. नीरा सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## मशरूम कल्टीवेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरु



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र, माइक्रोबायो, प्राणी शास्त्र तथा रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला ''हैण्ड्स-ऑनट्रेनिंग ऑन मशरूम कल्टीवेशन'' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने मशरूम कल्चर के महत्व को समझाया तथा मशरूम से संबंधित स्वरोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। प्रथम दिवस में डॉ. एमपी ठाकुर, डीन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने स्पॉन प्रोडक्शन, प्योर कल्चर, मदर स्पॉन एवं सिस्टर स्पॉनप्रोडक्शन विषय पर छात्राओं को जानकारी दी। डॉ. एचके सिंह, साईन्टिस्ट प्लान्ट पैथोलॉजी विभाग एग्रीकल्चर कॉलेज रायपुर द्वारा ऑइस्टर मशरूम प्रोडक्शन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## जागरुकता अभियान शुरू करने के निर्देश

**दुर्ग।** जिला स्तरीय समिति नारकोटिक्स की बैठक जिले के प्रभारी सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित पुलिस विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य, आबकारी,समाज कल्याण, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग और वन विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रभारी सचिव ने पुलिस अधीक्षक से 1 जनवरी से 31 मार्च तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस दौरान 19 प्रकरण दर्ज किए गए और विभिन्न मादक पदार्थों, गांजा, नशीली दवाइयाँ, हेरोइन, कैपसूलए, टेबलेट और सीरप की बरामदगी हुई है।

**प्रदर्शन : जिला मुख्यालय में जमकर प्रदर्शन, घटना को लेकर चौतरफा आक्रोश**

# मासूम के साथ हुई दरिंदगी पर उबला शहर, सभी वर्गों ने जताया विरोध

**कांग्रेस ने सरकार का जलाया पुतला, सामाजिकगणों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उरला वार्ड में छः साल की मासूम के साथ घृणित कृत्य पर हर तरफ आक्रोश की आग सुलग रही है। मंगलवार को कांग्रेसियों ने जहां रैली निकालकर राज्य शासन का पुतला दहन किया और आरोपी को फांसी की सजा की मांग की है। वहीं यादव समाज ने भी रैली निकालकर आरोपी को फांसी की सजा और पीडित परिवार को आर्थिक मदद देने की गुहार लगाई हैं, वही छग महिला संघ ने भी एसडीएम को ज्ञापन देकर कडी कार्यवाही के लिए आवेदन दिया हैं। इस घटना के बाद सभी वर्ग एक स्वर में विरोध कर रहे है। मंगलवार को इस मामले को लेकर जिला मुख्यालय में लोग एकजुट हुए। यादव समाज से लेकर कांग्रेस के नेताओं ने रैली निकाली और कडी से कडी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



### पटेल चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन

जिला शहर कांग्रेस संगठन ने पटेल चौक में एकत्रित होकर रैली निकाली। इस दौरान कांग्रेसियों द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कांग्रेसियों ने उरला में मासूम की मौत पर राज्य शासन को घेरा और कहा कि, नशाखोरी के कारण इस तरह की घटना लगातार सामने आ रही है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा शासन सुराज अभियान चला रही हैं, इस बीच इस तरह की घटना मानवता का शर्मशार करने वाली है। कांग्रेसियों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन भी किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर व पार्षद आरएन वर्मा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, जयंत देशमुख, अजय मिश्रा, पूर्व सभापति राजेश यादव, महामंत्री परमजीत भोई सहित बडी संख्या में कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। अय्यूब खान सचिव प्रदेश कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट गठन कर जल्द जल्द आरोपी को सजा दिलवाकर इस हैवान को फांसी दे साथ ही प्रदेश में पूरी तरह हर एक प्रकार का नशा बंद करे और बाधित करे।

### महिलाओं ने कहा- बंद करें नखाखोरी, दें कड़ी सजा

मासूम बच्ची की नृशन्स हत्या पर छत्तीसगढ़ी महिला समाज के प्रदेश अध्यक्ष मालती परगनिहा के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान जब महिलाओं को पुलिस अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर रोका, तब संगठन के महिलाओं ने पुलिस अधिकारियों पर नाराज हो गई। उन्होने कहा निरंकुश शासन के कारण आरोपियों में भय नहीं है इतनी सख्ती आरोपियों से बरतते तो ये घटना नहीं होती। महिलाओं ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की, प्रदेश अध्यक्ष मालती परगनिहा ने कहा यह घटना बेहद ही हृदय विदारक है, हत्यारे और बलात्कारी व्यक्ति के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग करते हैं। छत्तीसगढ़ मे सभी प्रकार के नशा व अश्लील सामग्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध कि मांग की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि नशा वैध या अवैध नहीं होता है सभी सुखा और सस्ता आसानी से उपलब्ध सभी नशा सामग्रियों की बिक्री पर रोक लगाया जाए।

### नई शराब दुकान बंद करने की मांग



महिलाओं ने कड़े शब्दों में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा सरकार राजस्व वसूली के लिए बहन, बेटियों को आग में झोंक रही है। इस पर तत्काल रोक लगे। जिला अध्यक्ष प्रेमलता देशमुख ने शराब दुकानों के नए आबंटन पर रोक लगाई जाए। छत्तीसगढ़ी प्रदेश महिला समाज की महिलाएं रायपुर से भी आई हुई थी। उन्होंने फांसी वाली तख्ती लेकर हत्यारे और रेपिस्ट को फांसी देने की मांग की हैं। इस दौरान अश्लील वेबसाइट्स और आसानी से उपलब्ध पोर्न वीडियो पर पाबंदी लगाने की मांग की। इस मौके पर एसडीएम हरवंस मिरी द्वारा समझाइस के बाद महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश महासचिव योगेश्वरी साहू, संगठन सचिव संगीता सोनी, गंगा श्रीवासन, डॉली मंडल, शारदा वर्मा, सुमित्रा साहू, भावना साहू, पूर्व पार्षद राजेंद्र रजक, आदि उपस्थित रहे।

### यादव समाज ने कहा- पुलिस संरक्षण में नशाखोरी



मासूम से बर्बरता को लेकर यादव समाज का भी गुस्सा फूटा है। उन्होने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होने पीडित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि देने व सरकारी नौकरी देने की मांग की हैं। रैली के रूप में समाज से सैकडों की संख्या में लोग पहुंचे थे। जहां जिला मुख्यालय के सामने सामज के लोगों ने नारेबाजी भी की और आरोपी को कडी सजा देने की मांग की हैं। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रीतम यादव ने कहा पीडित परिवार को पचास लाख की राशि क्षतिपूर्ति के तौर पर दी जाए। यादव समाज ने ज्ञापन में लिखा है कि, मोहन नगर थाने के अंतर्गत लंबे समय से नशाखोरी का जाल बिछा हुआ है। ये सब पुलिस के संरक्षण में हो रहा हैं। उन्होने थाने के पूरे स्टाफ को बदलने की मांग की हैं। उन्होने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, उच्च और सर्वोच्च न्यायलय के नाम ज्ञापन दिया हैं। समाज ने इस घटना को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की हैं।

## तृप्ति होटल से एक्सपायर्ड कोल्ड डिंक्स जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

तहसील कार्यालय के सामने तृप्ति होटल की शिकायत मिलने पर औषधि प्रशासन विभाग ने दबिश देकर जांच की है। जांच में होटल से एक्सपायरी कोल्डिंग्स मिलने मिली है। इसके आलावा अन्य खाद्य सामानो की भी जांच की है। अफसरों ने इस दौरान कोलड्रिग्स का सैंपल भी ले गए हैं।



- **औषधि प्रशासन विभाग ने दी होटल में दबिश**

खाद्य एवं औषधीय प्रशासन की टीम ने दुर्ग मे तहसील ऑफिस के सामने तृप्ति जलपान पर बड़ी कार्यवाही की है। जहां जांच के दौरान बड़ी संख्या में एक्सपायर हो चुके खाद्य सामग्री एवं कोल्ड ड्रिंक मिली हैं 1 वही विभाग की टीम के द्वारा जांच के दौरान पाया गया कि, होटल कर्मचारी भोजन सामग्री बनाते समय ग्लब्स का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं और किचन का डस्टबिन भी खुला रखा हुआ पाया गया 1 तृप्ति जलपान में एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक सेल आउट करने के लिए रखा हुआ पाया गया। जिसका नमूना सैंपल टीम द्वारा ले लिया गया, जहां सैंपल जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी 1 होटल जांच के दौरान साफ सफाई का भी अभाव पाया गया 1 बरहाल कोल्ड ड्रिंक का नमूना जांच अधिकारियों द्वारा ले लिया गया है और जांच अधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही होटल संचालक को नोटिस दी जाएगी 1

## स्पैरो कंपनी पर फिर शिकंजा पीड़ितों से लेंगे रसीद

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आज नगर निगम दुर्ग के लंबित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई है। पूर्व में नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत स्पैरो कंपनी द्वारा संपत्ति कर की वसूल की जा रही थी। उक्त कंपनी द्वारा नगरवासियों से लगभग 60 लाख रूपए की वसूली गई राशि नगर निगम दुर्ग में अब तक जमा नहीं की गई है। नगर निगम अमले द्वारा ऐसे लोगों के घर संपत्ति कर वसूली पहुंचने पर बतायी जा रही है कि स्पैरो कंपनी के माध्यम से संपत्ति कर जमा करा दी गई है। कलेक्टर द्वारा स्पैरो कंपनी पीड़ति लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समाधान करने की पहल की गई है। जिसके अनुसार निगम क्षेत्र के ऐसे नागरिक जिन्होंने स्पैरो कंपनी को संपत्ति कर पटाये हैं वे स्पैरो कंपनी के रसीद संलग्न कर आवेदन दुर्ग निगम कार्यालय में रखी गई समाधान पेटी में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रारूप के साथ रसीद संलग्न करना जरूरी है।

# जल जीवन मिशन के दो ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई, नोटिस भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल जीवन मिशन के तहत चल रहे समूह जल योजना की धीमी गति को लेकर विगत दिनों कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की थी। जिसके बाद पीएचई विभाग के ईई ने दो ठेकेदारों को नोटिस जारी तेजी कार्य करने की चेतावनी दी हे। दोनो ठेकेदार को आगामी मई तक का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद भी कार्य में तेजी नही आई तो पैनाल्टी की वसूली की जाएगी।

- **मई तक दिया गया अल्टीमेटम, फिर पैनाल्टी**


जानकारी अनुसार ऐसे गांव जहां मिशन के तहत पाइल लाइन बिछ गई है। लेकिन जलस्तर नही होने के कारण ऐसे गांव में समूह योजना के तहत नदी से इंटकवेल बनाकर नदी तक पान पहुंचाया जाएगा। विगत दिनों कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मौके पर निरिक्षण किया था और उन्होने नाराजगी जाहिर की थी। इस मामले में ईई उत्कर्ष पांडेय ने बताया कि, चंद्रखुरी समूह के ठेकेदार भवानी बोरवेल्स जांजगीर चांपा और निकुम में आर्यन कंपनी बिलासपुर के ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया हैं। उल्लेखनीय हैं कि, जिले में नदी से इंटकवेल बनाकर पेजयल सप्लाई के लिए सात समूह का कार्य चल रहा हैं।

## जिला स्तर पर संपूर्ण कार्यक्रम के लिए एडीएम एक्का होंगे नोडल

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में सुशासन तिहार-2025 को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने तथा प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, जिला स्तर पर संपूर्ण कार्यक्रम के लिए एडीएम अरविन्द कुमार एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।







# व्यक्ति सुरक्षा के प्रति जागरूक रहेंगे तभी होगी कारखानों व देश की तरक्की: आशुतोष

## जेके लक्ष्मी सीमेंट दुर्ग इकाई में राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नंदिनी अहिवारा

जेके लक्ष्मी सीमेंट दुर्ग इकाई में राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम पूरे माह मनाया गया। उद्घाटन समारोह में नेशनल सेफ्टी काउंसिल के प्रमुख एसेसर द्वारा सुरक्षा प्रेरणा उद्बोधन दिया गया। इस सुरक्षा माह के दौरान कर्मचारियों, अधिकारियों, उनके बच्चों और परिवारजनों और आसपास के गावों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न सुरक्षा संबंधी कार्यक्रमों में भाग लिया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

54वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह के समापन समारोह में सुरक्षा विषयक नुक्कड़, नाटक, सुरक्षा मॉडल प्रदर्शन और अन्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आशुतोष पांडेय उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दुर्ग छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा माह एवं इसके महत्व पर अपना विचार व्यक्त किया। श्री आशुतोष पांडे ने जेके लक्ष्मी सीमेंट में हो रहे कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि लगातार यहां पर सुरक्षा पर जन जागरण कार्यक्रम चलाए जाते हैं, यह काफी सराहनीय है। प्रत्येक कारखाने में एवं प्रतिष्ठानों में लगातार सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने के लिए कार्यक्रम करते रहना चाहिए जिससे कि प्रत्येक कर्मचारियों को जानकारी रहे एवं सुरक्षा मानकों का ध्यान रख सके। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा प्रबंधक रवि मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आशुतोष पांडेय उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दुर्ग द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा व्यक्ति पुरस्कार भूपेंद्र साहू को पुरस्कृत किया। इस दौरान संयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव, राजपाल सिंह शेखावत, संजय सूद, कैप्टन शिरीष शुक्ला, सुजीत सिंह, रमेश विश्वकर्मा, राजेश शुक्ला, मनीष तिवारी, विकास जैन, राजेश कुमार, वीरेंद्र वर्मा मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्लांट में कार्यरत कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।




### कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए हैं प्रतिबद्ध

इस अवसर पर दुर्ग जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र प्रमुख ने कहा कि संयंत्र के कर्मचारी एवं श्रमिक अपनी और अपने परिवार अपने संयंत्र में कार्य करने वाले साथियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाए और कारखाना एवं देश प्रदेश की तरक्की तभी हो पाएगी जब प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में सुरक्षा के लिए जागरूक रहेगा। मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कप्तान शिरीष शुक्ला ने कहा कि जेके लक्ष्मी संयंत्र लगातार अपने कर्मचारियों के सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है एवं समय-समय पर जागरुकता के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। प्लांट के सेफ्टी विभाग द्वारा लगातार ट्रेनिंग दी जाती है साथ ही साथ सुरक्षा के प्रति जागरुकता को बढ़ाने के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत ड्राइंग, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है ताकि सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाया जा सके और श्रमिकों को पुरस्कृत भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार की हुई शुरुआत

**धमधा।** जनपद पंचायत धमधा में प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद पंचायत क्षेत्र के 119 ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार मनाने का 8 अप्रैल मंगलवार को प्रारंभ किया गया। इसमें रोजगार सहायक एवं महिला स्वास्थ्य सहायता समूह के पदाधिकारी को आवेदन लेने के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया। जनपद क्षेत्र के 119 ग्राम पंचायत में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है साथ ही जनपद पंचायत धमधा में भी समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। वहीं समाधान पेटी में आम नागरिक किसी भी विषय संबंधित अपना मांग आवेदन या शिकायत आवेदन दे सकते हैं जिसका निराकरण शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा तक किया जाएगा।

### अज्ञात शव मिला



**कुम्हारी।** थाना कुम्हारी के उरला लोधी बाड़ी के बगल में नहर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। स्थानीय थाना प्रभारी जेआर कुर्रे ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है। मृतक होटल इंद्रप्रस्थ के पीछे मृत पड़ा हुआ था देखने से मानसिक रोगी लग रहा है। मृतक की सूचना सभी थाना प्रभारी को दे दी गई है ताकि वे थाना के गुम इंसान का पता करें पता चलने पर कुम्हारी थाना में सूचित करें।

### निधन

### सफीनदास मानिकपुरी



**भिलाई ।** जामुल निवासी लोक कलाकार सफीनदास मानिकपुरी 56 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को जामुल मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के साथ संगतकार थे। वे अपने पीछे पत्नी सहित पुत्र जवाहर मानिकपुरी और तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। लोककलाकारों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी है।

## कुम्हारी, धमना और ननकट्टी में ज्योत जंवारा विसर्जन में उमड़ी भक्तों की भीड़

# ढोल-बाजे की थाप और भक्तिमय भजनों के साथ हुआ ज्योत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुम्हारी

चैत्र नवरात्रि के समापन के साथ ही सोमवार को कुम्हारी में माता के पवित्र ज्योत जंवारा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में आस्था का जनसैलाब उमड़ा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-बाजे की थाप और भक्तिमय भजनों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे पुरुष, महिलाएं और बच्चे जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए उत्साहित दिखे। जैसे ही माता के पवित्र ज्योत जंवारा को विसर्जन के लिए निकाला गया, पूरा नगर जयकारों से गूंज उठा। इस शोभायात्रा की एक विशेष बात यह रही कि कई भक्तों ने अपने शरीर में सांग (त्रिशूल) बाना धारण कर अपनी गहरी आस्था का प्रदर्शन किया। सांग बाना धारण किए हुए भक्तों को देखकर उपस्थित जनसमूह श्रद्धा से नतमस्तक हो गए। यह भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धाभाव से इसका स्वागत किया। अंत में पवित्र जंवारा को पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ स्थानीय शीतला तालाब में विसर्जित किया गया।

इस वर्ष मंदिरों के अलावा आठ घरों में ज्योत जंवारा स्थापित किया गया था। नगर में मारन ज्योत जंवारा 6 घरों से निकला। एक दिन पहले श्वेत ज्योत जवारा का विसर्जन किया गया, जिसमें प्राचीन मां महामाया मंदिर के ज्योत जंवारा का विसर्जन हुआ, साथ ही 2 घरों से भी श्वेत ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। कुम्हारी में जंवारा विसर्जन का यह आयोजन शांतिपूर्वक और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जो क्षेत्र के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था और सामुदायिक सौहार्द का प्रतीक है। भक्तों का अपार स्नेह और श्रद्धा देखने को मिला।

### जंवारा विसर्जन के दौरान भक्तों में दिखा उत्साह



### धमना में भक्तिभाव से ज्योत जंवारा विसर्जित



**जामगांव आर।** ग्राम धमना में रामनवमी के अवसर पर ज्योत जंवारा विसर्जन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित हुए। युवा सामाजिक कार्यकर्ता ढालसिंह साहू ने बताया कि धमना में तीन स्थानों में ज्योत जंवारा की स्थापना की गई थीं, जिसका विसर्जन किया गया। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गंगई माता से कोंदा राम साहू परिवार एवं दिनेश रोहित यादव परिवार में ज्योत जंवारा की स्थापना की गई थी। जय मां शीतला सेवा समिति धमना की भजन मंडली के माध्यम से विसर्जन का कार्यक्रम पूरा हुआ। इस अवसर पर सेवा समिति के भैया राम यादव, खोरबाहरा राम यादव, जागेश्वर निर्मलकर, प्रदीप निर्मलकर, संतोष साहू, भुवनलाल साहू, मनीष साहू, डेरहा अग्रवाल, पतीराम यादव, राजेश यादव, नंदू यादव, संतोष, धनराज, उमेश, अली, राम यादव, त्रिकांत, रुपेश सोनी, सत्यम सोनी, गजानंद साहू, छत्रपाल सोनी, प्रेमशंकर साहू, गजेंद्र साहू, तीरथ साहू, नंदू साहू, वासुदेव साहू का सराहनीय सहयोग रहा।

### ज्योत जंवारा विसर्जन के लिए निकाली शोभायात्रा

**ननकट्टी।** ग्राम ननकट्टी में 224 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई थीं। ज्योत जंवारा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर महामाया मंदिर से ज्योत जंवारा निकालकर बाजार चौक, बावली चौक होते हुए मां चंडिका मंदिर पहुंची, वहां से महामाया मंदिर की एवं मां चंडिका मंदिर की ज्योत जंवारा मां शीतला मंदिर पहुंची। आगे-आगे माता रानी की जस गीत गाते सेवा मंडली के सदस्य गण चल रहे थे ,पीछे-पीछे माता रानी की जयकारा लगाते हुए भक्त चल रहे थे, मां शीतला मंदिर से सभी ज्योत जंवारा निकलकर तालाब में जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मां महामाया मंदिर, हनुमान मंदिर, मां चंडिका मंदिर, मां शीतला मंदिर के सदस्यगण, भक्तजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### मितानिन, आंबा कार्यकर्ता व पंचों का किया सम्मान



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में नारी शक्ति महिला संगठन की वर्षगांठ आर्थिक सामाजिक उत्थान में 'नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन' महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहन एवं एकता बनाए रखने के लिए नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन की वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच पुष्पा वाघमारे, पूर्व सरपंच पुष्पा देवी देशमुख, डीओ, एडी जनपद पंचायत दुर्ग, पीआर क्लस्टर अंडा, उपसरपंच भूषण देशमुख, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, कर्मा महिला ग्राम संगठन के सभी एवं सभी समूह की महिलाएं एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन के महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक स्तर के विकास के लिए बने सभी महिला स्वयं सहायता समूह गरीब परिवारों को जोड़कर बनाए गए हैं। इन समूहों को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए इस मिशन के तहत सभी समूहों को मिलाकर एक ग्राम संगठन भी बनाया हुआ है जिसका नाम नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन रखा गया है।


क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने दृढ़ निश्चय से यह साबित कर दिया कि कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती, यदि उसमें मेहनत और हौसला हो। व्यवसाय में कदम रखकर उन्होंने यह दिखाया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकती हैं। क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव ने कहा कि ऐसे संगठन महिला सशक्तीकरण व आर्थिक विकास में सहायक साबित होंगे। महिला स्व सहायता समूह ने इस सफलता के साथ यह संदेश दिया है कि सही दिशा में मेहनत, हिम्मत और आर्थिक सहयोग से महिलाएं भी किसी भी व्यवसाय में ऊँचाइयों को छू सकती हैं।

### भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया




**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश और जिला संगठन के निर्देश अनुसार रविवार 6 अप्रेल को कुर्मी भवन बाजार चौक वार्ड क्रमांक 3 में कुम्हारी मंडल द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें स्थानीय नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं कार्यक्रम के संयोजक गोल्डी गोस्वामी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीना वर्मा ने पार्टी की रीति-नीति और वर्तमान सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक गोल्डी गोस्वामी ने संगठन की महत्ता एवं पार्टी की सैद्धांतिक विचारधाराओं की बात कही। इस कार्यक्रम में मनोज वर्मा, राकेश पांडेय, राजू निषाद, अवधेश शुक्ला, पीएन दुबे, अश्वनी देशलहरे, सुनीता कुर्रे एवं अन्य वक्ताओं ने अपना उदबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार सोनी ने किया एवं आभार और समापन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद अश्वनी देशलहरे, पार्षद उमाकांत साहू, पार्षद उमेश्वरी साहू, पार्षद डीकेश पटेल, अनुराग गुप्ता, अवधेश शुक्ला, दीपक चतुर्वेदी, सुमित द्विवेदी, वीरेन्द्र सिंह, इमरान रिजवी, पंकज वर्मा, राधा ठाकरे, गीता निर्मलकर, शकुन खैरवार, प्रीति ध्रुव, जितेन्द्र ध्रुव, दिलेश्वर मारकंडे, पार्षद, जुली सिंह, जयलक्ष्मी, सरस्वती डांडे, फिंगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

### भाजपा उतई मंडल ने स्थापना दिवस मनाया



**उतई।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यर्पण कर ध्वजारोहण किया। मंडल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ने कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। इस अवसर पर सोनू राजपूत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, पार्षद संगीता रजक, लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, लक्ष्मीनारायण आदि उपस्थित थे।

## दुर्लभ मानव जीवन को सार्थक बनाने संत और सज्जनों की करें संगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जामगांव आर

■ जैन श्री संघ जामगांव आर ने किया अनुमोदना समारोह का आयोजन

जैन श्री संघ जामगांव आर द्वारा जैन भवन में बहुमान अनुमोदना समारोह आयोजित कर सोमवार को डौंडीलोहारा निवासी भावी जैन साध्वी द्वय मुमुक्षु नेहा डोसी एवं मुमुक्षु साक्षी भंसाली का बहुमान किया गया। जैन श्री संघ जामगांव आर सदस्य गोवर्धन कोचर, सुरेश, सुशीला बैद, प्रज्ञा बैद, लक्ष्मी देवी, रेखा, मनीष बैद, प्रेमचंद, सुनीता चौरड़िया, सुरेश चौरड़िया, आसकरण, निर्मला गोलछा ने मुमुक्षु बहनों का बहुमान किया। सपना, प्रज्ञा बैद, सोनल गोलछा ने स्तवन के माध्यम से अनुमोदना का भाव प्रगट किए।

मुमुक्षु बहन नेहा ने कहा कि संगत का असर जीवन पर पड़ता है इसलिए संगत संतों और सज्जनों का करना चाहिए। दुर्लभ मानव जीवन सार्थक बन सकता है। बुरे लोगों के संगत में पड़ने से बुरा कर्म करने का आदि बन जाना स्वाभाविक है। उन्होने कहा कि हमें राम गुरु का सानिध्य मिला, वैराग्य जीवन समझ आया। इस आत्म उद्धारक पथ पर चलने के लिए बड़ों का आशीर्वाद मिला। वहीं 4 जून को बीकानेर में दीक्षा ग्रहण करने का सौभाग्य मिलने वाला है। उन्होने आगे कहा कि हम जन्म दाता के आभारी है जिन्होंने हमे लाड प्यार देकर इतना बड़ा किए और संयम पथ पर चलने के लिए सहदय अनुमति दिए। उन्होने कहा कि संतों के सानिध्य में समझ में आया कि आत्म कल्याण के लिए संयम मार्ग सबसे अच्छा है।



### इन्होने भी किया अनुमोदना

बहुमान समारोह में पृथ्वीराज राठी, विनोद राठी, दिनेश, कमलेश, सौरभ, नितिन डोसी, रजत भंसाली, राजू संचेती, दिलीप छाजेड़, अभिषेक गोलछा, सोनल गोलछा, निशा, एकता, अनीता डोसी, मोना, पूनम डोसी, भूमिका सहित जामगांव आर कांकेर, डौंडीलोहारा, बालोद, रायपुर, उतई, दुर्ग जैन श्री संघ के सदस्यों ने बहुमान समारोह में संयम पथ की अनुमोदना किए।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस

**कुम्हारी।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी ने सोमवार 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन 'हेल्थी बेगिनींग्स होपफुल फ्यूचर' थीम के तहत किया। इस कार्यक्रम को श्री रावतपुरा समूह के महाराज के आशीर्वाद से आरंभ किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन कैंपस डायरेक्टर कृष्णकांत और प्रधानाचार्य डॉ. वर्णीष कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन बीएससी नर्सिंग के पांचवे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य डॉ. फिबीना चिलटे ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी मृत्यु दर को कम करने और मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए वैश्विक और स्थानीय पहलों पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी सेमेस्टर के छात्रों ने स्वास्थ्य दिवस पर आधारित रील्स बनाने की प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका मार्गदर्शन डेमोंस्ट्रेटर आकांक्षा श्यामलाकर ने किया। इसके बाद, अलिन ग्रुप द्वारा बाल श्रम पर आधारित मोनो एक्ट का मंचन किया गया, जिसका निर्देशन सीआई रितु ने किया। कार्यक्रम का समापन एक क्विज प्रतियोगिता से हुआ और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ राष्ट्रीय गीत से कार्यक्रम का समापन हुआ।




### भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त आशीष का होगा सम्मान



**सेलूद।** सेलूद के बावाकुटी निवासी सार्जेंट (से.नि.) आशीष कुमार शर्मा का 13 अप्रैल को शाम 4 बजे बजरंग चौक सेलूद में सम्मान होगा। वे सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापिका नमिता शर्मा व स्व. विनोद कुमार शर्मा के पुत्र हैं। उन्होने सेलूद स्कूल में पढ़ाई किया, बचपन से ही पढ़ाई में मेघावी रहे और पढ़ाई के पश्चात उनका भारतीय वायुसेना में हेलीकॉप्टर तकनीकी सहायक के रूप में भर्ती हुए थे। हेलीकॉप्टर तकनीकी सहायक के रूप में 20 वर्षों तक राष्ट्र सेवा की सेवा कर सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव सेलूद लौटने पर सम्मान किया जायेगा।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

# गांव से बस्ती चलो अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 14 अप्रैल तक डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूआबांधा बस्ती में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के द्वारा गांव से बस्ती चलो जनचौपाल अभियान का शुभारंभ किया और गांव, बस्ती का भ्रम किया और लोगों की समस्याएं सुनी और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 7 से 12 अप्रैल के बीच 'गांव से बस्ती चलो' अभियान में भाग लेंगे। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता प्रत्येक दिन आठ घंटे तक गांवों और बस्तियों में जाकर भाजपा के इतिहास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी देंगे। 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम होगा। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम सब मिलकर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज में जागरूकता फैलाने, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों को बढ़ावा देने के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महामंत्री दशरथ साहू, राकेश त्रिपाठी, पार्षद सारिका साहू, टीकम सिंह साहू, शिला नारखड़े, सविता धवज, सचिन गोस्वामी, अजीत परिहार, अजीत चौधरी, कंचन सिंह, पुनीत यादव, प्रेमचंद साहू, अंजू यादव, अरविन्द नारखड़े, वेदप्रकाश, भुनेश्वर लाल साहू, प्रवीण सिंह राजपूत, लता गेंदे, स्वेता यादव, सीमा यादव, बसंती साहू, पुष्पलता देशमुख, मोहन बड़े, वीरेंद्र, विजयेन कुमार, गोपाल खैरबार, जग्गू राम यादव एवं रिसाली मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# गोकुल नगर में खटाल होगी स्थानांतरित, जवाहर मार्केट का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के 168 खटालों को गोकुल नगर में स्थानांतरित किए जाएंगे। जोन तीन अंतर्गत वार्ड 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण होंगे। जोन क्रमांक दो वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

मंगलवार को महापौर परिषद ने इसकी मंजूरी दी। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में एमआईसी की यह बैठक हुई।

## महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद ने दी विभिन्न कार्यों की स्वीकृति

### इन एजेंडों पर हुई चर्चा

बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्रं. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुसंशा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया।



### जोन तीन में ये कार्य मंजूर

जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया।

### जवाहर मार्केट में इन कार्यों को मंजूरी

जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसरंचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर अनाचार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376(2)(एन) भादवि. 69 बीएनएस. )के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ग्राम गिधवा जिला बेमेतरा निवासी जयेश पटेल ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर 2021 से 2024 तक सेक्टर 7 ग्राउंड के पास झाड़ी भिलाई में ले जाकर अनाचार किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने इंकर कर दिया। परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। भिलाई नगर पुलिस ने आरोपी जयेश पटेल को उसके गृह ग्राम गिधवा जिला बेमेतरा से पकड़कर लाई है।

### जमीन फर्जीवाडा मामले में महिला के खिलाफ जूर्म दर्ज

**भिलाई।** जमीन फर्जीवाडा मामले में पुलिस ने सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की महिला डॉयरेक्टर के खिलाफ जूर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि 32/8 नेहरू नगर (वेस्ट) वार्ड 2 निवासी विशाल केजरीवाल डायरेक्टर विशाल रिरोलर्स प्रायवेट लिमिटेड है। ए 5 सूर्य विहार कालोनी, जुनवानी निवासी संगीता केतन शाह पुलगांव के प.ह.नं.- 24 रा.नि.म. दुर्ग, खसरा नं. 145/2, की जमीन को एक करोड रूपये में बयनामा निष्पादित करने के नाम पर ठगी किया। संगीता शाह डायरेक्टर मेसर्स सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड है। संगीता ने पीड़ित से उक्त जमीन को लेकर सौदा इकरारनामा 2022 को किया। दोनों के मध्य 1करोड़ रुपए में डील हुई। पहले पीड़ित ने 50 लाख फिर 50 लाख आर.टी.जी.एस. के माध्यम से संगीता के खाते में किया गया। भूमि का पंजीयन सीमांकन के बाद इकरारनामें में इकरारशुदा जमीन के पश्चिम में रोड रास्ता होना बताया गया है। लेकिन इकरारशुदा जमीन के पश्चिम में रोड रास्ता होना नही पाया गया। 6 जनवरी 2025 को पीड़ित के द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कर संगीता से इकरारशुदा जमीन के पश्चिम भाग पर रोड रास्ता की व्यवस्था करने की मांग की थी। लेकिन संगीता ने कार्यालय, घर आने से पीड़ित से मना कर दी। परेशान पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से किया था।

### किसानों के साथ ठगी

**भिलाई।** फर्जी बीमा ऋण देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 511 के तहत कार्रवाई की है। उतई पुलिस ने बताया कि प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पद पर पाटन में मुकेश कुमार पदस्थ है। ग्राम बांसापुट, पंचायत बांसापुट तहसील बांकी जिला कटक उडीसा निवासी सीएससी संचालक तुषार कांता सेठी सीएससी है। ग्राम पतौरा के 43 किसान और ग्राम मुडपार के कुल 67 किसानो से राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल फर्जी ऋण के नाम पर ठगी किया। तुषार पीएमएफ वीवाई योजना से फर्जी किसानों को कृषि ऋण दिया। ग्राम पतोरा एवं ग्राम मुडपार तहसील पाटन में संयुक्त संचालक कृषि संभाग दुर्ग द्वारा शिकायत मिलने पर आरोपी तुषार के खिलाफ जांच की गई। सीएससी संचालक तुषार कांता सेठी किसानो का फर्जी बीमा करना पाया गया। जिन किसानों के नाम से बीमा कराया गया था। उनके ग्राम पंचायत में नही पाये गए थे।

## बीएसपी के अत्याधुनिक ब्लास्ट फर्नेस-8 की 8 वर्षों की कीर्तिमानी यात्रा

# सेल का उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा महामाया फर्नेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सबसे बड़ी धमन भट्ठी ब्लास्ट फर्नेस - 8 ,महामाया न सिर्फ बीएसपी बल्कि सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के प्रमुख फर्नेसों में शुमार है। यह अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस होने के कारण संयंत्र के साथ सेल के इस्पात उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महामाया ने वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसपी में कुल 28 लाख 9611 टन हांट मेटल उत्पादन में 28 लाख 9611 टन हाट मेटल उत्पादन किया। 20-24 के पिछले 26 लाख 82321टन के कीर्तिमान को ध्वस्त किया। मार्च 25 में 2 लाख 66214 टन का मासिक रिकार्ड भी दर्ज किया। साथ ही उत्पादाकता दर 1.93 टन प्रति दिन घन मीटर हासिल की। यह नया रिकार्ड है। यह फर्नेस बीएसपी के 7 मिलिटन टन उत्पादन क्षमता में अहम भूमिका निभा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009-10 में बीएसपी के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण परियोजना के तहत कई योजनाएं उत्पादन के चक्र में शामिल की गई। इसमें देश की विशाल और आधुनिकतम ब्लास्ट फर्नेस-8 "महामाया" की स्थापना की गई थी। एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत 1, 500 करोड़ की लागत से सबसे पहले फर्नेस-8 की स्थापना के कार्य को पूर्ण किया गया । दो फरवरी 2018 को इस फर्नेस को प्रज्जवलित किया गया। ब्लास्ट फर्नेस-8 देश के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में से एक है। इतने विशाल फर्नेस में 8030 टन प्रतिदिन हॉट मेटल उत्पादन की मापित क्षमता है। बीएसपी 2018 से अब तक इस फर्नेस के माध्यम से 17 मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन कर चुका है। ब्लास्ट फर्नेस-8 "महामाया" के अनुपात में इस्को, बर्नपुर में सबसे विशाल ब्लास्ट फर्नेस है। राऊरकेला इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस उत्पादन मात्रा के अनुसार सेल की दूसरी सबसे बड़ी फर्नेस है। बीएसपी की महामाया इस क्रम में तीसरे स्थान पर है।

### खास बातें

- रिकार्ड हॉटमेटल उत्पादन के साथ रासायनिक गैसों का भी ईंधन के रुप में भी इस्तेमाल
- 8030 टन प्रतिदिन हॉट मेटल है उत्पादन क्षमता

### 8030 टन प्रतिदिन है उत्पादन क्षमता



### शुरु से ही बढ़ा उत्पादन ग्राफ

उन्नत स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों के साथ अत्याधुनिक फर्नेस से दैनिक उत्पादन का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। 2 फरवरी, 2018 को इसके ब्लोइंग-इन के 258 दिनों बाद 18 अक्टूबर, 2018 को बीएफ-8 से 1 मिलियन टन संचयी उत्पादन के आँकडे को पार कर लिया गया। इसी प्रकार 1 अप्रेल, 2019 को बिना आक्सीजन संवर्धन के सहयोग से ब्लोइंग-इन के 424 दिनों बाद 2 मिलियन टन के मील के पत्थर को प्राप्त कर लिया गया। 9 सितम्बर, 2019 को 585 दिनों में 3 मिलियन टन संचयी उत्पादन करने में सफल हुआ। ब्लोइंग-इन के 740 दिनों में 4 मिलियन टन के नये संचयी कीर्तिमान को हासिल किया। 889 दिनों में 5 मिलियन टन के नये संचयी रिकॉर्ड को प्राप्त करने में सफल हुए।

### महामाया बीएफ में हैं कई टेक्निकल विशेषताएं

ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ )-8 में सर्वाधिक हांट मेटल उत्पादन करने के साथ कई तकनीकी विशेषताएं हैं। कास्ट हाउस और स्टांक हाउस डिडस्टिंग सिस्टम, टांप रिकवरी, टर्बाइन ( टीआरटी) पल्वराइज्ड कोल इंजेक्शन (पीसीआई), कार्बन ब्लाक के माध्यम से माडर्न हीट ट्रांसमिशन सिस्टम, सिरेमक कप, एसजीआई व क्यू-स्टोव और अत्याधुनिक तकनीक से एनर्जी एफिशिएंट तथा प्रदूषण नियंत्रण उपकरण,जिसमें वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम शामिल है। हांट मेटल प्रक्रिया में निकलने वाली रासायनिक गैसों को ईंधन के रुप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्बन मोनो आक्साइड फर्नेस गैस आदि से बाय प्रोडक्ट भी बनाया जा रहा है। साथ ही काइनेटिक एनर्जी गैस संरक्षित किया जा रहा है।

## 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले को लेकर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- घड़ी चौक पर प्रदर्शन के बाद फूंका पुतला

दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत उरला में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी निर्मम हत्या को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक सुपेला में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सुपेला चौक पर सरकार का पुतला जलाया। इस दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे को जाम करने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने इस घटना को घिनौनी करार देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की। उनका कहना है कि जिले में अपराधियों को पुलिस प्रशासन का कोई डर नहीं है, जिससे वे इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विभोर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उनका कहना है कि एक समय था जब भिलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र और मैत्री गार्डन के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज यह क्षेत्र अपराध का गढ़ बन गया है। दुष्कर्म, लूट और हत्या जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन को पूरी तरह से विफल बताया।



## वार्ड-33 में सुशासन तिहार, निरीक्षण करने पहुंचे जोन आयुक्त



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के वार्ड 33 में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। नगर पालिका निगम द्वारा आयोजन इस कार्यक्रम का निरीक्षण करने जो 3 के आयुक्त एवं वार्ड पार्षद एन शैलजा पहुंचे। वार्ड पार्षद ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसकी शुरुआत की है। इसमें सभी प्रकार के मांग एवं शिकायत का नियत समय में निराकरण किया जाना है। वार्ड पार्षद शैलजा ने कहा कि आप सभी वार्ड वासी अधिक से अधिक संख्या में आकर सुशासन तिहार का लाभ लें।

## बीएसपी ने मानी ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की मांग यूनियन सदस्यों ने जताया अध्यक्ष का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारिओं एवं सदस्यों ने अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, सुधीर सिंह का भव्य स्वागत किया। उनके प्रति आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने कहा कि इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व, दूरदृष्टि और निरंतर प्रयासों के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी है। संयंत्र प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा उठाया जा रहा था, उस पर अब सकारात्मक निर्णय ले लिया गया है। बीएसपी मैनेजमेंट ने एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से ट्रांसपोर्टरों को काफी सहूलियत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग तय करना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि इंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थी। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा। एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। बैठकें भी हुईं, जिनमें परिवहन व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अंततः बीएसपी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बातों को समझते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न केवल ट्रांसपोर्टरों के हित में है, बल्कि इससे संयंत्र क्षेत्र में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## सुशासन तिहार में 83 लोग पहुंचे समाधान पेटी तक

**रिसाली।** नपानि रिसाली में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार में तेज गर्मी के बावजूद 83 लोग शिविर स्थल पहुंचे। समस्या मूलक आवेदन को समाधान पेटी में डाला। आवेदन में किसी ने आवास मांगा तो किसी ने घर से पानी निकासी का रास्ता मांगते आवेदन प्रस्तुत किए है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन तिहार में आम नागरिक रूचि दिखा रहे है। वे अपने समस्या मूलक आवेदन लेकर निगम द्वारा रखे गए समाधान पेटी तक पहुंच रहे है। वे अपनी समस्या मूलक और मांग भरे आवेदन का निराकरण कराने आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। पहले दिन 83 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें से 75 मांग वाले आवेदन शामिल है वही 8 आवेदन शिकायती अंदाज में प्रस्तुत किए है। नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त व कार्यापालन अभियंता सुनिल दुबे ने बताया कि सार्वधिक आवेदन पुरैना बस्ती में मिले है। आज से ही प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। 75 मांग पत्र है। वहीं 8 शिकायत दूर करने का अनुरोध नागरिकों ने निगम प्रशासन से की है। उन्होंने न बताया कि शिकायत पत्रों के आधार पर कार्यवाही शीघ्र की जाऐगी।

- पहले दिन आवास से लेकर पानी निकासी का मांगा रास्ता

| समाधान पेटी स्थल | मांग | शिकायत | कुल |
|---|---|---|---|
| डुण्डेरा मंगल भवन | 16 | 01 | 17 |
| सामुदायिक भवन पुरैना | 20 | 04 | 24 |
| मुख्य कार्यालय रिसाली | 21 | 01 | 22 |
| टंकी कार्यालय रिसाली | 18 | 02 | 20 |

## उप नेता प्रतिपक्ष की राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात कर उन्हें बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा भेंट की। साथ ही भिलाई क्षेत्र के विभिन्न विषय पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान दया सिंह ने भिलाई सहित जिले में राजनीतिक और प्रशासनिक घटनाक्रम से भी अवगत कराया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## आरसीएल और यूआरम ने किया आयोजन

# सेल-रेल साझेदारी पर मैत्री क्रिकेट मैच, आर 260 टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रिसर्च कंट्रोल लैब (आरसीएल), यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) के तत्वावधान में 'सेल-रेल मैत्री क्रिकेट हुआ। मैच बीएसपी में रेल निर्माण एवं गुणवत्ता निरीक्षण से जुड़े विभागों तथा रेलवे निरीक्षण एजेंसी राइट्स के अधिकारियों की मिश्रित टीमों के बीच खेला गया, जिसका उद्देश्य विभागों के मध्य आपसी समन्वय को प्रोत्साहित करना था।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रतीकात्मक बल्लेबाजी एवं गेंदबाज़ी कर मैच का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, प्रवीण निगम, सीजीएम तुषारकांत, टी दस्तीदार, राहुल श्रीवास्तव, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, विशाल गुप्ता, उप महाप्रबंधक एचएस नायक, प्रबंधक (राइट्स) रामकृष्णा तथा सहायक प्रबंधक सत्यनारायण शामिल थे। इस अवसर पर बीएसपी एवं राइट्स की महिला कार्मिकों और अधिकारियों की पत्नियों के लिए एक विशेष 'शो मैच' का आयोजन भी किया गया। महाप्रबंधक जेके वर्मा की कमेंटेटर थे। मुकाबले में 350 एचटी टीम के कप्तान शिव कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, जबकि आर 260 टीम के कप्तान नितिन राजपूत टीम के साथ गेंदबाज़ी एवं क्षेत्ररक्षण किया।350 एचटी टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर कुल 114 रन बनाए। जवाब में आर 260 टीम ने 6 विकेट खोकर 115 रन बनारप मैच जीत लिया।





### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अमित

बेस्ट बॉलर का पुरस्कार जीपी सोनी को, बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी अंकित को तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अमित गिरी को प्रदान किया गया। अंपायर विकास व आनंद, तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नगर सेवाएं विभाग, एल एवं डी, एससी एवं सीए, भिलाई क्लब एवं बेस किचन का सहयोग रहा।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




04 विंटेज के बहाने फैशन

## लाइव इवेंट

### 11 को हनुमान जयंती, काला हांडी ओडिशा की कटप्पा झांकी और दुलदुली बाजा होंगे आकर्षण

**भिलाई।** नेवई बांधा तालाब स्थित प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर में हनुमान प्रकटोत्सव व महा महोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। 11 व 12 अप्रैल को यहां हनुमान प्रकटोत्सव व महा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव में विशेष आकर्षण का केंद्र उड़ीसा से काला हांडी कटप्पा की झांकी और दुलदुली बाजा रहेगा। इनके सहित स्थानीय व जिलेभर से 20 दल इस महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। जिससे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर विकास समिति का यह 15वां आयोजन है।



■ नेवई प्राचीन बैंकुंठधाम मंदिर में हनुमान प्रकटोत्सव व महा महोत्सव की तैयारी जोरों पर

हनुमान प्रकटोत्सव व महोत्सव की शुरुआत 11 अप्रैल शुक्रवार को संध्या भजन से होगी। शाम 7 बजे संध्या भजन में पेश करेंगे। प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर विकास समिति के संरक्षक व संयोजक शत्रुघन धनकर, अध्यक्ष भागवत प्रसाद बुंदेला, उपाध्यक्ष व रिसाली निगम पार्षद चंद्रप्रकाश सिंह निगम आदि ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह 8 बजे से हनुमान प्रकटोत्सव, पूजा, महाआरती होगी। दोपहर 12 बजे से महाभोग भंडारा चलेगा। इसी समय पर भव्य डीजे सामूहिक डांस प्रतियोगिता व मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## सिटी इवेंट

### यादवों को मिले आबादी के हिसाब से महत्व, राष्ट्रपति से लगाई गुहार



**दुर्ग।** कोसरिया अहीर सेवा यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति सहित अन्य के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने दिए ज्ञापन में कहा कि महाभारत युद्ध के बाद दण्डाकारिणीय क्षेत्र भीम को बंटवारे में मिला था। भीम के साथ यादव राजा, यादव योद्धा, यादव कर्मचारी, माता कौशिल्या के क्षेत्र में निवास करने लगे, जिन्हें लोग आज भी कोसरिया यादव के नाम से जानते हैं। विगत 30 वर्षों से हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज आपके सात और सहयोग में एक जुट सहयोग एवं साथ देते आ रहे हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ यादव की संख्या लगभग 10% है।सर्वसम्मति से हमारी सामाजिक संस्था द्वारा हमारे प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल को आवेदन प्रेषित किया है। राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन सौंपा गया है। पिछले दिनों में मंडल और आयोग में 35 से ज्यादा नियुक्तियां की गई, लेकिन यादव समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। इससे समाज आहत है। अलग-अलग कार्यों और समाजों के नाम से बोर्ड, निगम और मंडल का गठन किया गया है। इसमें तेलघानी विकास बोर्ड, आदिवासी समाज को स्थानीय स्वास्थ एवं औषधि पादप बोर्ड व वन विकास निगम, निर्मलकर समाज रजकबार बोर्ड, लोहार समाज लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, कुम्हार समाज को माटी कला बोर्ड, सेन समाज राज्य केश शिल्प बोर्ड, महार समाज चर्म शिल्पकार बोर्ड, केवट या ढीमर समाज को मछुआ कल्याण बोर्ड, बसोड़ों को रियायती दर पर बांस दिया जाता है। देवांगन समाज को बुनकर संघ के माध्यम से अनेक रियायतें हैं। स्वर्ण नियंत्रण कान लागू होने पर स्वर्णकार समाज को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी गई थी, लेकिन यादव समाज की लगातार उपेक्षा की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव, दीपाली यादव, त्रिवेणी यादव, सुदेश्वर यादव, वर्षा यादव शामिल थे।

■ कोसरिया अहीर सेवा यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### महानवमी पर गरीब बच्चों को कराया भोजन, पढ़ने के लिए दी पेन-किताब

**भिलाई।** बांके बिहारी फाउंडेशन ने महानवमी पर कन्या पूजन का आयोजन ग्राम करहीडीह में किया। इस दौरान गरीब बच्चों को भोजन एवं उन्हें शिक्षा से संबंधित पेन, कॉपी-किताब एवं पानी की बोतल वितरित की गई। किशोरी बच्चियों को सेनेटरी पैड बांटे गए। इस अवसर पर विशेष रूप से शकुंतला यादव, शांति यादव, अनीता पूनम चौधरी, रंजना चौधरी, सुभावती चौधरी, रानू यादव, निर्मला चौधरी, वेंचुरे, बबीता यादव, रेनू यादव, बनानी चटर्जी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



● भगवान महावीर के 2642 वें जन्म महोत्सव के अवसर पर पुरानी गंजमंडी में किया गया आयोजन

# भाव भंगिमा, पात्रों के नाट्य कौशल से सुसज्जित नाटक वीतरागी महाभारत का मंचन, अर्जुन, कृष्ण जैसे पात्रों को किया जीवंत

भगवान महावीर के 2624 वे जन्म महोत्सव का आगाज हो चुका है। दुर्ग और भिलाई में आयोजन को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं। इस बीच पुरानी गंजमंडी में वीतरागी महाभारत नाटिका का आयोजन किया गया। इसमें दिगंबर जैन समाज के सभी वर्ग के सदस्य शामिल हुए। करीब महीनेभर की तैयारी के बाद बहु प्रतिक्षित नाटिका का मंचन किया गया। वीतरागी महाभारत के पात्रों का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। इसमें भगवान कृष्ण, अर्जुन सहित अन्य पात्रों की जीवंत प्रस्तुति देखने को मिली।

**भिलाई।** नाट्य मंचन के दौरान अर्जुन, भीम, नकुल, सहदेव, युधिष्ठिर, कृष्ण, शकुनि, कुंती और द्रौपदी के पात्रों का अभिनय सराहा गया। सभी पात्रों के भाव भंगिमा, चेहरे की बनावट और हर पत्रों का अभिनय कौशल देखते ही बन रहा था। ऐसा महसूस हो रहा था कि देश के प्रोफेशनल कलाकारों के द्वारा ऐसी प्रस्तुति दी जा रही हो। इस वीतरागी महाभारत में अभिनय करने वाले पात्रों का दूर-दूर तक अभिनय मंचन से कोई लेना-देना नहीं है। सभी पात्र या तो व्यापारी थे या ग्रहस्त गृहिणी। इसके अलावा स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने अपनी शानदार कला कौशल का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जन समुदाय ने अंतःकरण से सराहा। इस नाटिका को देखने के लिए दिगंबर समाज के साथ-साथ सकल जैन समाज की उपस्थित देखने लायक थी। भुरीबाई जैन दिगम्बर पाठशाला के बैनरतले यह नाटिका प्रस्तुत की गई। स्नेहिल बिट्टू बाकलीवाल के प्रयासों से डॉ. अजय जगत, रोहित श्रीवास्तव, तन्मय शर्मा के निर्देशन में नाटम का मंचन हो पाया। वितरागी महाभारत के निर्देशक रोहित श्रीवास्तव को छत्तीसगढ़ी फिल्मों में मुख्य पात्र का रोल छोड़कर जैन समाज के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं दी।







भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के पदाधिकारी अजय श्री श्रीमाल, चुन्नीलाल जैन, किशोर जैन, संदीप जैन, रितेश बुरड़, मनोज बाकलीवाल, पीयूष पारख, राजा कांकरिया एवं प्रकाश गोलछा ने आयोजन को लेकर बताया कि प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है, जिसमें अहिंसा का संदेश दिया जा रहा है। प्रभातफेरी गया नगर दुर्ग से अहिंसा यात्रा प्रभात फेरी निकाल गई, जो गया नगर, चंडी मंदिर, गांधी चौक, जवाहर चौक, महावीर कॉलोनी, खंडेलवाल कॉलोनी, ऋषभ कॉलोनी होते हुए नवकार भवन में समाप्त हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुंबई के ख्याति नाम भजन गायक दो भाइयों की जोड़ी ऋषभ-संभव जैन की भक्ति का आयोजन भी किया गया।

भगवान महावीर की जयंती को लेकर 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 9:36 तक विश्व कल्याण के लिए णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। आयोजन त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में होगा।विश्व कल्याण के लिए पूरे विश्व में इस दिव्य महामंत्र के साथ अपने आत्म कल्याण के लिए एक साथ महामंत्र नमोकर का जाप होना है। जैन मिलन जैन ट्रस्ट, जैन महिला क्लब, सकल जैन समाज के तत्वावधान में जैन भवन प्रांगण में विशाल आयोजन होगा। प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि नई दिल्ली में नवकार मंत्र के आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो रहे हैं। इसका सीधा प्रसारण किए जाने की तैयारी की गई है। जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, उपाध्यक्ष कमल जैन, सचिव संजय जैन चतुर, भावेश शाह, महावीर बेगानी, प्रकाश निगोटिया, सोमेश जैन, भागचंद जैन, पारस जैन, साधना जैन, नीना जैन ने बताया कि आयोजन की तैयारी की जा रही है। जीटो के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। क्रांतिकारी राष्ट्र संत संजय मुनि ने अपील की है कि आप सभी अपने और परिवार की समृद्धि के साथ संपूर्ण विश्व जगत एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए यथासंभव णमोकार महामंत्र जाप नौ बार माला अवश्य फेरें। 10 अप्रैल को सुबह 6 बजे भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याण महोत्सव पर भगवान महावीर स्वामी के मंगल अभिषेक का कार्यक्रम होगा।



## हास्य महापर्व : लाइव शो ने बटोरी तालियां समाज में पॉजिटिविटी बढ़ाने का दिया संदेश

**दुर्ग।** शहर ने एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक चेतना और आयोजन क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए हास्य कलाकार गौरव गुप्ता के साथ एक अनोखे कार्यक्रम की मेज़बानी की। रोटरी क्लब ऑफ़ दुर्ग, अग्रवाल यूथ क्लब (एवाईसी) तथा भिलाई राउंड टेबल के संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह कार्यक्रम ना केवल मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि आयोजन की उत्कृष्टता और गरिमा ने इसे नगर की स्मृति में विशेष स्थान दिलाया। 1300 से अधिक नागरिकों की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि जब उद्देश्य स्पष्ट और प्रयास सशक्त हों, तो सफलता सुनिश्चित होती है।

■ रोटरी क्लब ऑफ़ दुर्ग, अग्रवाल यूथ क्लब एवं भिलाई राउंड टेबल का संयुक्त आयोजन



अग्रवाल यूथ क्लब के अध्यक्ष आकाश गोयल ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य केवल हास्य नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मकता, सहयोग और समरसता की ओर ले जाना है। युवाओं के लिए इस प्रकार के आयोजन प्रेरणा का स्त्रोत होते हैं। अंकित लुनिया ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हैं, और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

रोटरी क्लब ऑफ़ दुर्ग के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने कहा कि रोटरी सदैव समाज के हित में कार्य करता है। जब बात मनोरंजन के साथ सामाजिक समरसता की हो, तो हमारा सहयोग पूर्ण रूप से समर्पित रहता है।

## डॉ. अंबेडकर की जयंती पर चला स्वच्छता अभियान, आसपास सफाई रखने संदेश

**भिलाई।** भाजपा स्थापना दिवस व बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्वाच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रमदान कर सफाई की गई। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में सफाई रखने संदेश दिया गया। मण्डल अध्यक्ष हरीश बंटी चौहान एवं संयोजक दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में दीपक नगर वार्ड 23 के शीतला मंदिर तालाब के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें श्रमदान कर तालाब के किनारों में जमा कचरा साफ किया गया। इस अवसर पर पार्षद मनोज सोनी, उमेश गिरी गोस्वामी, राजेश शुक्ला, वीरेंद्र तन्ना, बीडी यादव, राहुल परिहार, विजय जलकारे, राजेश सिंह, गोलू सोनी, सनी कहार, हरीश साहू, अनिल कुमार जैन, शालिनी दिल्लीवार, रामणिक लाल मघननी, गिरीश यादव व मंडल क़े समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थे।



## साइंस कॉलेज का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह, प्राचार्य ने प्रस्तुत किया प्रतिवेदन

# कॉलेज का पल वह है, जो हमारे जीवन की दशा और दिशा तय करता है, निराशा के बजाए पूरी लगन से आगे बढ़ने का जुनून जरूरी: डॉ. पाण्डेय

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जिंदगी वैसी नहीं होती है, जैसी दिखती है। हमको अपने परिश्रम से जिंदगी को अपनी आवश्यकता के अनुकूल बनाना पड़ता है। कॉलेज का जीवन सबसे नाजुक समय होता है, क्योंकि यहीं से हमारी दशा एवं दिशा तय होती है। पुरस्कार श्रेष्ठता का परिचायक होता है। जब हम महाविद्यालय के छात्र जीवन से बाहर सामाजिक दुनिया में आते हैं, तो हमें बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यदि हमें किसी कारणवश पुरस्कार नहीं मिलता तो हमें निराश न होकर अगली बार और अच्छा प्रयास करना चाहिये। प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त करना परिवार। समाज एवं पूरा महाविद्यालय के लिये गौरव का विषय होता है। अन्य विद्यार्थियों को भी इसका अनुकरण करना चाहिये। उक्त बातें उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक डॉ. राजेश पाण्डेय ने साइंस कॉलेज में आयोजिक एक कार्यक्रम में कहीं। डॉ. राधा कृष्णन सभागार में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पाण्डेय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया। समारोह के दौरान पूरे शैक्षणिक सत्र 2024–25 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल नोयडा में विजेता छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय से अग्निवीर योजना में चयनित 7 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।



### सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और राज्य गीत से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की छात्राओं मुस्कान यादव, नमिता तथा श्वेता श्रीवास द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, एवं स्वागत गान एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति धारकर एवं डॉ. संजू सिन्हा ने किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने डॉ. राजेश पाण्डेय के समक्ष महाविद्यालय की आवश्यकताओं से संबंधित कुछ बिंदु रखें, जिनमें महाविद्यालय में गेस्ट हाउस का निर्माण, भूगर्भषास्त्र विभाग में प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण, महाविद्यालय में स्थापित होने वाले रॉक गार्डन हेतु शासन से अनुदान, महाविद्यालय में एमए सॉयकोलॉजी, एमए संस्कृत तथा एमएससी गणित एवं कम्प्यूटिंग पाठ्यक्रम आरंभ किये जाने की मांग शामिल थी।

### कॉलेज के दिनों में बिताए पल सारी उम्र याद रहने वाला पलः डॉ. आस्थाना

पुरस्कार वितरण समारोह में विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली भिलाई की प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना ने सभी विजेताओं को तथा उनके पालकों को बधाई देते हुए कहा कि आज उनका दिन है। यह पल सभी विजेताओं विद्यार्थियों की सारी उम्र याद रहेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी का यह दायित्व है कि वो साइंस कालेज को देश का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। अन्य विषिष्ट अतिथि गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को आज पुरस्कार नहीं मिला, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। ईश्वर ने उनके लिये किसी अन्य स्थान पर पुरस्कृत होना लिखा है।

### अलग-अलग प्रतियोगिता के 200 से ज्यादा प्रतिभागी हुए सम्मानित

अतिथियों का स्वागत करने वालों में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. गोविन्द गुप्ता, रजिस्ट्रार आशुतोष साव, मुख्य लिपिक संजय कुमार यादव शामिल थे। लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता होने के कारण पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में एमएससी रसायन शास्त्र की रिया देवांगन तथा आराधना सोनी ने सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त किये। द्वितीय स्थान पर एमए अर्थशास्त्र की भार्गवी ध्रुव ने 05 पुरस्कार बंटोरे। महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र विवेक श्रीवास्तव के निधन के बाद उसकी स्मृति में साथ ही भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रदान किए गए पुरस्कार से एमएससी भूगर्भशास्त्र की मोनिका को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया।



## सिटी इवेंट

## 350 मरीजों का एनेस्थीसिया के बिना किया दांतों का इलाज



**भिलाई।** पपू मुनि कुंदन ऋषिजी मसा, प.पू मुनि आदर्श ऋषिज मसा, प.पू मुनि आलोक ऋषि मसा, प पू मुनिश्री अक्षय ऋषि म सा की निश्रा में महान जैन संत आचार्य आनंद ऋषि म सा की 33वीं स्मृति दिवस एवं मुकंददास दुगड़ की 37 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आनंदम् फाउन्डेशन एवं दुगड परिवार द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में किया गया। जिसमें दुर्ग के निष्णांत दंत चिकित्सक डॉ श्रेणिक नाहटा को सम्मानित किया गया। पूज्य गुरु भगवंतों के आदेश पर मानवीय सेवा के लिए समर्पित डॉ श्रेणिक नाहटा ने इस शिविर में डॉ. सरोज जोशी के साथ लगभग 350 रोगियों का बिना किसी एनेस्थीसिया के ढीले, सड़े और क्षतिग्रस्त दांतो का इलाज किया। जालंधर पद्धति से दर्द रहित तरीके से अल्प समय में दांत निकालने एवं दंत रोगों की सफल चिकित्सा की गई। धार्मिक परीक्षा मंडल भक्त निवास अहमदनगर में आयोजित दो दिवसीय शिविर का उद्घाटन पूज्य गुरु भगवंतों के मांगलिक के साथ प्रेमलता दुगड़ ने किया । इस अवसर पर संजीवनी तातेड़, प्रेमराज बोथरा, उपमहापौर गणेश भोसले पूर्वनगर सेवक संजय चोपड़ा, प्रकाश भगनारे, सी ए अजय मुथा, आनंद मुणोत, एडव्होकेट धनेश कोठारी सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर के समापन पर दुगड़ परिवार एवं आनंदम् फाउन्डेशन द्वारा डॉ श्रेणिक नाहटा को सम्मानित किया। आनंद ऋषि म सा का देहावसान अहमदनगर में 28 मार्च 1992को हुआ था उनकी स्मृति में जैन समाज द्वारा सर्वसुविधायुक्त वृहत चिकित्सालय के साथ ही पूरे विश्व में उनके अनुयायियों द्वारा अनेक सेवाकार्य किये जा रहे हैं।



■ दुर्ग के दंत चिकित्सक डॉ. श्रेणिक नाहटा को सम्मानित किया गया

## समाज इवेंट

## कबीर आश्रम में निःशुल्क सीख सकेंगे संगीत, बच्चे उत्साहित



**भिलाई।** कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में निःशुल्क संगीत शिक्षा की कक्षा मंगलवार से प्रारंभ हुई। इस संगीत कक्षा में क्लास एक से बारहवीं तक के बच्चे लाभ ले सकते हैं। कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में निःशुल्क संगीत शिक्षा की कक्षा प्रारंभ करने के लिए प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान इच्छुक बालक-बालिकाओं और अभिभावकों की उपस्थिति रही। संगीत संस्थान के प्रमुख मानक चंद साहू ने संगीत शिक्षा प्रारंभ करने के उद्देश्य के साथ उन्हें संस्कार युक्त वातावरण निर्मित कर बच्चों को संस्कारवान बनाने की बात कही। यह संगीत की शिक्षा विभिन्न सत्रों में आयोजित की जाएगी। इस संगीत कक्षा में क्लास एक से बारहवीं तक के बच्चे लाभ ले सकते हैं। इच्छुक अन्य विद्यार्थी भी निःशुल्क शिक्षा का लाभ लेने कार्यालय समय में अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस कार्यक्रम को गति देने अभिभावकों और प्रबंधन समिति की बैठक में प्रबंधन समिति और ट्रस्टी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संगीत प्रभारी तिलक वर्मा और आभार प्रदर्शन समिति के डॉ हीरालाल साहू ने किया।



## स्पोर्ट्स लाइव

## 53 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज लेकर में दुर्ग बना चैंपियन



**भिलाई।** तृतीय सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष कुडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभाग्रह दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 17 जिले के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्ग में कुल 265 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें दुर्ग जिले से सबसे ज्यादा 53 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज सहित कुल 63 पदक जीतकर ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि दुर्ग नगर निगम के महापौर अलका बाघमार उपस्थित रही। जिला कुडो संघ की सचिव लीलिमा सोनी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी महाराष्ट्र के पुणे में 16 से 22 मई तक होने वाले तृतीय राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। विशेष अतिथि कुडो संघ की चेयरमेन अनुराधा सिंह, लीलाधर पाल, मनीष कोठारी, मनीष ताम्रकार, कुडो कोच भूपत साहू, मनीष साहू, इंदु साहू, तृप्ति साहू, जीतेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहें।

● राम-सीता के विग्रहों को नए वस्त्रों व आभूषणों से सजाया

# 4 घंटे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रजतछत्र की छांव तले हुआ प्रभु राम का राज्याभिषेक, राजसी ठाटबाट देख भक्त हुए भाव-विभोर

**भिलाई।** बालाजी मंदिर में रामनवमी महोत्सव के समापन पर प्रभु श्रीराम का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रजत छत्र की छाया में राज्याभिषेक किया गया। मंदिर के मंडप में राजसी ठाटबाट के साथ हुए प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक को भक्तों ने भावविभोर होकर देखा। सुबह दस बजे शुरू हुआ राज्याभिषेक लगभग चार घंटे चला। आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में इस मंदिर में पूरे पांच दिन भक्तों के हुजूम के बीच धूमधाम से रामनवमी महोत्सव मनाया गया। समिति के अध्यक्ष पीवी राव और सचिव पीएस राव के नेतृत्व में धार्मिक सद्भाव से मनाए गए इस महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

**बालाजी मंदिर में पांच दिवसीय आयोजन का हुआ समापन**

### पुलकित आंखों से देखा राज्याभिषेक

इस अवसर पर सबसे पहले मंदिर के पुजारी गोपालाचारी के सान्निध्य में विधि-विधान से मंडप के बीचों-बीच राज सिंहासन को स्थापित कर मंत्रोच्चारित जल से उसका शुद्धीकरण किया गया। शुद्धीकरण के पश्चात पुजारी ने सिंहासन के ठीक सामने रजत निर्मित सुदर्शन चक्र तथा शठगोपम् को वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए प्रतिष्ठित किया। और उसके बाद चावल से भरी एक पीतल की थाली में चांदी से निर्मित प्रधान कलश पर श्रीफल और चांदी की अन्य थाली में तांबूल पत्तों पर प्रभु श्रीराम की पादुकाएं रखी गईं। पुजारी ने यजमान के रूप में बैठे बी अकमु नायडु दंपति से प्रभु की पादुकाओं का पवित्र जल से प्रक्षालन कराया जिसके बाद पूजा-अर्चना कराई गई। यजमान दंपति ने प्रभु श्रीराम की पादुकाओं को शिरोधार्य करके मंदिर की परिक्रमा भी की। सिंहासनारूढ़ होने से पहले भगवान श्रीराम और माता सीता के उत्सव विग्रहों को नूतन वस्त्रों तथा स्वर्णाभूषणों से अलंकृत किया गया। उसके बाद पूरे विधि विधान से राजतिलक लगाकर प्रभु श्रीराम और माता-सीता का राज्याभिषेक किया गया। सिंहासन पर विराजमान होने के बाद जब प्रभु श्रीराम और माता सीता ने दर्शन दिए, तो इस अलौकिक दृष्य को वहां पर उपस्थित सभी श्रद्धालुगण पुलकित आंखों से देखते रह गए। सिंहासन स्थल पर ही लक्ष्मण और हनुमान के विग्रहों को भी पूरी साज-सज्जा के साथ रखा गया था।







### राज्याभिषेक के वृत्तांत का किया रसपान

इस दौरान सुब्रमण्यम शर्मा ने राज्याभिषेक के वृत्तांत को कथा के माध्यम से सुनाया, जिसका भक्तगणों ने रोमांचित होकर रसपान किया। राज्याभिषेक के उपरांत पुजारी ने तीर्थप्रसाद देने के बाद भक्तों के शीर्ष पर शठगोपम् रखकर आशीर्वाद दिया। श्री शर्मा ने बताया कि शठगोपम् भगवान की मुख्य मूर्ति का प्रतीक होता है। प्रभु के दर्शन के लिए आए सभी भक्तों को मंदिर में स्थापित मुख्य मूर्ति के चरण स्पर्श की अनुमति नहीं होती, इसलिए पुजारी शठगोपम् को भक्तों के सिर पर रखते हैं। पांच दिनों तक चले महोत्सव में उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, उप कोषाध्यक्ष एनएस राव, संयुक्त सचिव के लक्ष्मीनारायण व एस रवि तथा एक्जीक्यूटिव कमेटी के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 15वें स्थापना दिवस पर आयोजन...

## माता की पालकी को कंधे में उठाकर मातृशक्ति और धर्मप्रेमियों ने कराया नगर भ्रमण





**दुर्ग।** सत्तीचौरा दुर्ग स्थित मां दुर्गा मंदिर के 15वें वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन बाजे- गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए झांकी निकाली गई। साथ ही माता को पालकी में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें विशेष रूप से प्रसिद्ध जस झांकी मंडली द्वारा आकर्षिक झांकी की प्रस्तुति सबके लिए आकर्षण का केंद्र रही। समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि पालकी यात्रा सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर गंजपारा से होते हुए मां दुर्गा मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा में मातृशक्तियों ने सबसे पहले सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में स्थापित चांदी की उत्सव मूर्ति को पालकी में बैठाया, जहां भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर पालकी को कंधे में उठाया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर और दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने भी पालकी सेवा की। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह विभिन्न समाज, राजनीतिक दलों, धार्मिक संगठन के लोगों ने पालकी का स्वागत करते हुए शरबत, पोहा, बिस्किट, फल, पानी, स्वल्पाहार, फलाहार, आइसक्रीम आदि का वितरण किया और फूलों की वर्षा, आतिशबाजी के साथ पालकी यात्रा का पूरे नगर में स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में विशेष रुप से अजय शर्मा, अशोक राठी, महेश टावरी, प्रवीण भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, राजेश शर्मा, बसन्त शर्मा, दीपक चावड़ा, पिंकी गुप्ता, गुड्डू कश्यप, ललित शर्मा, राजू पुरोहित, मनोज गुप्ता, संगीता शर्मा, अनिता अग्रवाल, प्रतिभा पुरोहित, सुमन शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, प्रगति शर्मा, भारती यादव, सिंधू गुप्ता, ममता अग्रवाल, पिंकी साहू, कुलेश्वरी जायसवाल, आभा शर्मा, इंदु भूतड़ा, अम्बिका पंड्या, कल्पना राजपूत, संध्या वर्मा, रूकमणी गुप्ता, सुनीता गुप्ता सहित समिति के सदस्य और हजारों भक्त उपस्थित थे।

## उपलब्धि

## सिकल सेल एनीमिया के प्रबंधन में महत्वपूर्ण खोजः प्रोफेसरों को मिला डिजाइन पेटेंट



**भिलाई।** साइंस कॉलेज दुर्ग में पदस्थ प्रोफेसर्स द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उपचार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जो चिकित्सा के क्षेत्र में नई उपलब्धि मानी जा रही है। साइंस कॉलेज दुर्ग में पदस्थ प्रो. मोतीराम साहू एवं शा स की य महाविद्यालय गरियाबंद में पदस्थ डॉ. सत्यम कुमार और उनके दो साथियों को भारत सरकार द्वारा एक डिज़ाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। इनका आविष्कार, कॉम्पैक्ट ब्लड फिल्ट्रेशन डिवाइस फॉर रेड्यूसिंग सिकल सेल क्राइसिस विद इंटीग्रेटेड ऑक्सीजिनेशन एंड स्टेम सेल सपोर्ट, चिकित्सा क्षेत्र में एक नई आशा की किरण साबित हो सकता है।

### डिवाइस सिकल सेल रोगियों को तत्काल देगा राहत

सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी है, जिससे लाखों लोग प्रभावित है। वर्तमान उपचार, जैसे कि रक्त आधान, हाइड्रॉक्सीयूरिया, बोन मैरो प्रत्यारोपण और क्रिस्पर जीन तकनीक, अत्यधिक महंगे हैं और इनकी सफलता दर भी सीमित है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, इन्होने एक अत्याधुनिक, पोर्टेबल, बैटरी-संचालित ब्लड फिल्ट्रेशन और ऑक्सीजन आपूर्ति डिवाइस विकसित किया है, जो सिकल सेल रोगियों के लिए तत्काल राहत प्रदान करेगा। यह डिवाइस सूक्ष्म द्रविकी तकनीक पर कार्य करता है जो रक्त से विकृत सिकल कोशिकाओं को अलग कर उन्हें फ़िल्टर करता है। रक्त ऑक्सीजन स्तर, कोशिका गणना और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों की रियल-टाइम निगरानी करता है।

### रोग की श्रृंखला को रोकने मे सहायक

प्रोफेसर साहू पिछले पांच वर्षों से सिकल सेल एनीमिया पर शोध कर रहे हैं और उन्होंने छग के विभिन्न जिलों से 3,000 से अधिक सैंपल की जांच की है । इसके अलावा 300 सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दक्षिण कोरिया भेजा गया, ताकि सिकल सेल एनीमिया से संबंधित अन्य आनुवंशिक जटिलताओं का अध्ययन किया जा सके। उनके शोध के निष्कर्षों के अनुसार, छत्तीसगढ़ के स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से साहू, कुर्मी, गोंड और सतनामी जातियों में सिकल सेल रोग की दर अत्यधिक अधिक है, जहाँ प्रत्येक 100 व्यक्तियों में से लगभग 10 इस बीमारी से प्रभावित हैं। सामाजिक परंपराओं, विशेष रूप से अंतर्विवाह, यानी समान जाति और एक ही परिवार या रिश्तेदारों मे विवाह होने के कारण सिकलिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके परिणामस्वरूप, वर्तमान पीढ़ी में सिकल सेल वाहक व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने आगाह किया कि यदि इस प्रवृत्ति को नहीं बदला गया, तो आने वाली पीढ़ियों में यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए वैज्ञानिकों ने विवाह से पहले सिकलिंग जांच, अंतरजातीय विवाह और जेनेटिक काउंसिलिंग को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे आनुवंशिक विविधता को बढ़ावा दिया जा सके और इस रोग की श्रृंखला को रोका जा सके। यह उपकरण सिकल सेल बीमारी के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कम लागत, अधिक प्रभावशीलता और सरल उपयोग के कारण लाखों मरीजों के लिए एक प्रभावी समाधान बन सकता है। वर्तमान में शोध दल क्लिनिकल परीक्षण ट्रायल, और व्यावसायिक उत्पादन के लिए साझेदारी और सहयोग की तलाश कर रहा है, ताकि यह डिवाइस उन मरीजों तक शीघ्र पहुँचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## गायत्री मंदिर में अंतिम दिन यज्ञ में जुटे श्रद्धालु

## चौबीस हजार गायत्री मंत्र से अनुष्ठान पूरा, जनकल्याण के लिए दी आहुति, पानी को व्यर्थ न करने दिया संदेश

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में चैत्र नवरात्र का पर्व श्रद्धा एवं भाक्तिपूर्वक मनाया गया। चैत्र नवरात्रि में गायत्री परिवार द्वारा चौबीस हजार गायत्री मंत्र से अनुष्ठान पूरा किया और अंतिम दिन जनकल्याण के लिए आहुति दी। इस दौरान मोहन उमरे ने पानी को व्यर्थ न करने और मानव और पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम करने प्रेरित किया। गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली, शिव गायत्री मंदिर, खुर्सीपार, शांतिनगर सुपेला, कोहका, उम्दा रोड भिलाई-3, हुडको सहित अंचल के सभी गायत्री संस्थानों में चैत्र नवरात्र का पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया।



### घरों से व्यर्थ न बहायें पानी, एक-एक बूंद का करें सदुपयोग

इस दिन सभी परिजनों ने मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के अवतरण दिवस को स्मरण कर समाज से दुष्प्रवृत्ति का नाश तथा सज्जनों को संगठित कर परिवार, समाज तथा राष्ट्र में सुख-शांति समृद्धि की स्थापना के लिए विशेष आहुति सर्मपित की। इस बीच संस्थान के कार्यकर्ता मोहन उमरे ने श्रद्धालुओं से कहा कि अपने घरों से पानी को व्यर्थ न बहायें पानी के एक-एक बूंद का सदुपयोग करे। घरों के पेड़-पौधों में पानी पाइप से न डाले बल्कि मग, गिलास, लोटा या अन्य सामग्री का उपयोग करे। इस दौरान सभी साधकों ने अपने गुरु पं श्रीराम आचार्य के संदेश वचनों तथा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशों का पालन करते हुए 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चौबीस हजार गायत्री मंत्र का जप कर लघु अनुष्ठान पूर्ण किये। जिसकी पूर्णाहुति नवमीं को पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ कुण्ड में आहुति समर्पित की गई।

### पशु-पक्षियों के लिए करें दाना-पानी का इंतजाम

अपने घर के बाहर पानी से भरा टब अवश्य रखे, जिससे गर्मी में गाय, बैल, बछड़ा, कुत्ता, बिल्ली जैसे मूक प्राणियों को गर्मी में पानी मिल सके। इस गर्मी के दिनों में जब आप घर से कहीं बाहर जाए तो अपने स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार या अन्य वाहन में अपने घर में रखे अनुपयोगी जूता-चप्पल को साथ में रख ले और राह चलते गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद राहगीर लोगो को दान कर दे। अगर ऐसा कर सके तो बिना चौबीस हजार मंत्र जाप किये लघु अनुष्ठान का पूण्य लाभ प्राप्त हो सकता है। इस गर्मी में जितना बन सके भूखे को भोजन और निःस्वार्थ भाव से प्यासे को पानी पिलाना न भूले। मां भगवती इन्ही मूक प्राणियों में निवास करती हैं जिन्हें माता रानी का दर्शन करना हो ये उपाय करके देख ले। सभी गायत्री संस्थानों में यज्ञ हवन आरती, शांतिपाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वासुदेव शर्मा, एस.पी.सिंह, मोहन उमरे, दयावीर मिश्रा, अजीत सोनबोइर, डॉ. पी.एल.साव,.बीआर.श्रीवास, यामनी सोनबोइर, डॉ एस. कुमार, नेमराज वर्मा, अनिल वर्मा, योगिता वर्मा, शारदा गोयल, समयलाल साहू, सांता साहू, सरस्वती उमरे, लताऋषि चन्द्राकर, रामस्वरूप साहू, गिरधारी लाल साहू, पृथ्वीपाल साहू, महेन्द्र वर्मा, धीरेन्द्र साहू, आनंदी सिन्हा, जगन्नाथ सोरी, हरिद्वारका साहू, लक्ष्मण देवांगन, मेघवर्मा, मूलचंद वर्मा, रामाधार महिलांग, प्राणेश विस्वास, मीनाक्षी विस्वास, अनिल द्विवेदी, फत्तेलाल वर्मा, कीर्सातन साहू, दिलेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

सिटी स्पोर्ट्स

## ब्रम्हविद विद्यालय ने 173 रनों से जीता मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट - 2025 का आयोजन 05 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जारी है। चौथे दिन मंगलवार को प्रतियोगिता का चौथा मैच ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल तथा हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 7 विकेट खोकर 239 रनो का विशाल स्कोर बनाया। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल की ओर से अभिनव गर्ग ने सर्वाधिक 102 रन तथा आर्यांश दुबे ने 44 रनों का योगदान दिया। वहीं हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार की ओर से देव सोनी ने 2 विकेट प्राप्त किये। 240 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार 18 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 66 रन ही बना सकी। हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार की ओर से एडविन एक्का ने 22 रनों की पारी खेली। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल की ओर से रिधान साहु, आर्यांष दुबे, सात्विक मित्तल तथा आनंद वर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल ने मैच 173 रनों से जीत लिया। अभिनव गर्ग प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। 09 अप्रैल बुधवार को कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के मध्य मैच खेला जायेगा।

## एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में रायपुर की दोनों टीम ने की मज़बूत शुरुआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का आयोजन 09 मार्च से जारी है। प्रतियोगिता के सेमी फायनल मुकाबले 7 अप्रैल से शुरू हुए हैं।



संजीत देसाई 82 रन

**बिलासपुर बनाम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर आगे :** प्रतियोगिता का पहला सेमी फायनल चार दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 63.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 184 रन ही बनाये। बिलासपुर की ओर से मो. इरफान ने सर्वाधिक 85 रन बनाये साथ ही अभिशेक सोहगौरा ने 38 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा पवनदीप सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 58.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये है। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीष सिंह धालीवाल ने 45 रन तथा ऋशी षर्मा ने 43 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 6 विकेट तथा मोहित राउत ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी दूसरी पारी में 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 114 रन बना लिये हैं। बिलासपुर के लिये अभिशेख सोहगौरा ने सर्वाधिक 39 रन बनायें। रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर 109 रनों से आगे है।

**रायपुर के विरुद्ध भिलाई पीछे :** प्रतियोगिता का दूसरा चार दिवसीय सेमी फायनल मैच भिलाई एवं रायपुर के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 340 रन बनाये। रायपुर की ओर से ऋषभ तिवारी ने 79 रन बनाये साथ ही प्रतिक यादव ने 66 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 3 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 79 ओवरों में 4 विकेट खोकर 311 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से संजित देसाई ने नाबाद 82 रन तथा हर्ष शर्मा ने नाबाद 78 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से सुमित रुईकर ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई 29 रनों से पीछे है।

## राज्य स्तरीय कूड़ो चैंपियनशिप में महासमुंद को 02 स्वर्ण सहित 07 पदक



**भिलाई।** तीसरी छत्तीसगढ़ स्टेट कूड़ो चैंपियनशिप का आयोजन कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा स्वामी विवेकानंद सभागृह दुर्ग में 4 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया गया। जिला कूड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष मीरा पंडा ने बताया कि जिले के 8 खिलाड़ी इस स्पर्धा में शामिल हुए।

### 25-40 की आयु वाले ज्यादातर लोग हड्डियों की कमजोरी के शिकार

# महामारी के बाद नौजवानों की हड्डियां कमजोर हो रही, वर्क फ्रॉम होम सहित कई वजहें जिम्मेदार

एक-दो दशक पहले तक हड्डियों की समस्या को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों में ये काफी तेजी से बढ़ती दिक्कत बन गई है। डॉक्टर्स बताते हैं, 25-40 की आयु वाले अधिकतर युवा हड्डियों की समस्या, आर्थराइटिस, बोन डेंसिटी में कमी के शिकार पाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ उनके लिए गंभीर दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती है साथ ही दीर्घकालिक तौर पर भी इसका जोखिम काफी अधिक हो सकता है, जिसमें क्वालिटी ऑफ लाइफ बिगड़ने का खतरा रहता है। अध्ययनकर्ताओं की एक टीम ने पाया कि युवाओं में हड्डियों से संबंधित समस्याएं पिछले 10-15 वर्षों से अधिक देखी जा रही है, पर कोरोना महामारी के दौरान इसका जोखिम अधिक हो गया है। इसके लिए जिन कारणों को प्रमुख माना जा रहा है उनमें वर्क फ्रॉम होम के दौरान लंबे समय तक बैठने की स्थिति शीर्ष पर है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को पूरे शरीर के लिए कई प्रकार के दुष्प्रभावों का कारण माना जाता रहा है।



### वर्क फ्रॉम होम और हड्डियों की समस्या

कोविड के दौरान सुरक्षात्मक तौर पर घर से काम करने की सहूलियत काफी बढ़ गई थी। संक्रमण के जोखिमों को कम करने में तो इसके लाभ थे पर शोधकर्ताओं ने इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को अलर्ट किया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि वर्क फ्रॉम होम के दौरान बहुत से लोग घर से काम करते हुए घंटों तक एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। काम का समय बढ़ गया जिसके कारण व्यायाम में कमी आ गई, परिणामस्वरूप ऐसे लोगों में हड्डी, मांसपेशियों और जोड़ों से संबंधित समस्याओं का जोखिम काफी बढ़ गया है।

### हड्डियों को क्षति पहुंचा रही हैं ये दो कारण



डॉक्टर कहते हैं, मांसपेशियों और हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए हमारे शरीर को सक्रिय रखने की जरूरत होती है। व्यायाम की कमी के चलते हड्डियों के घनत्व और शक्ति में दिक्कतें देखी जा रही हैं। दूसरी तरफ घर से बाहर न निकलने से विटामिन-डी की कमी का जोखिम भी काफी बढ़ गया, जिससे शरीर में कैल्शियम का अवशोषण प्रभावित हुआ जो हड्डियों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है।

### लंबे समय तक बैठना धूम्रपान जितना हानिकारक

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक बैठे रहने की स्थिति को धूम्रपान जितना ही सेहत के लिए हानिकारक पाया है। लंबे समय तक बैठे रहने से न केवल आपका वजन बढ़ता है, ये आपकी पीठ की हड्डियों और मांसपेशियों को क्षतिग्रस्त बनाने का भी कारण हो सकती है। इसके कारण कई लोगों में पैरों में ब्लड क्लॉटिंग का भी जोखिम बढ़ गया है, जिसे डीप वेनस थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) भी कहा जाता है। हड्डियों की सेहत को क्षति पहुंचाने में भी



लॉन्ग सिटिंग के दुष्प्रभाव देखे गए हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना महामारी के बाद से युवाओं में हड्डियों की समस्या काफी बढ़ गई है। वैसे तो इसका कोई प्रत्यक्ष वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि घर से काम करने की व्यवस्था ने लोगों की हड्डियों को कमजोर कर दिया है, लेकिन इससे संबंधित कुछ कारक हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से हड्डियों के लिए हानिकारक पाए गए हैं।

डॉक्टर कहते हैं, हड्डियों की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं, अगर आप भी लॉन्ग सिटिंग वाले काम करते हैं तो इसके जोखिमों को लेकर सावधान हो जाने की आवश्यकता है।



## बुधवार के लिए आपका लकी नंबर और शुभ रंग जानिए

दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको बताता है कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। अंक ज्योतिष एक महत्वपूर्ण विद्या है, जिसके द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानि 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा।

आईए, जानते हैं आपके मूलांक के आधार पर 30 अगस्त बुधवार का दिन कैसा रहेगा।

**अंक 1 :** हाल ही में मिली अपनी सफलता का जश्न मनाएं। किसी खास के साथ रोमांस के लिए समय निकालें। नेटवर्किंग और कूटनीति आपको नए क्लब और ग्रुप में कनेक्शन बनाने के लिए मदद करेंगे।

शुभ अंक- 21 , शुभ रंग- नारंगी

**अंक 2 :** ये दोस्ती भविष्य में नेटवर्किंग का विस्तार और दायरा बढ़ा सकती हैं। आज नए जीवन को शुरू करने और पुराने दोस्तों से संबंधों को सुधारने का सबसे बढ़िया समय है।

शुभ अंक-11, शुभ रंग- भूरा

**अंक 3 :** नए सितारे आपके लिए आशा की नई किरण और असंख्य संभावनाएं ले कर आये है। सफलता प्राप्त करने के लिए तीन चीज़ें बहुत जरूरी होती हैं सही समय , सही सोच और सही तरीके का होना।

शुभ अंक- 19 : शुभ रंग- हरा



**अंक 4 :** आप अभी अपने काम का मज़ा ले रहे हैं। आपके संचालन के गुणों की दूसरे लोग प्रशंसा करते हैं और अभी आपको इनाम मिल सकता है या आपका वेतन बढ़ सकता है। अपने परिवार के साथ जश्न मनाएं।

शुभ अंक-23, शुभ रंग- पीला

**अंक 5 :** सच्ची व्यक्ति के रूप में आपकी पहचान अब और भी दृढ हो रही है। आज का दिन आध्यात्मिक रूप से बेहद प्रबल है इसलिए आज अपने दिमाग की जगह दिल की सुनें।

शुभ अंक- 9, शुभ रंग- केसरिया

**अंक 6:** कानूनी मामलों के लिए आपको यात्रा करनी पड़ेगी। यदि ऐसा है, तो नए स्थानों को देखने और अपने क्षितिज को विस्तृत करने का आनंद लें।

शुभ अंक-16, शुभ रंग- नीला

**अंक 7 :** शिक्षा पूरी करने के लिए अच्छा समय है। आस्था में आपकी नई रुचि सलाहकार या पिता से प्रेरित हो सकती है। दिमाग का विस्तार करने के लिए तैयार रहें।

शुभ अंक- 18 शुभ रंग- ग्रे

**अंक 8:** आज आप समय कैसे व्यतीत करेंगे,यह पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है। आप अपने दोस्तों के साथ समय बिता सकते है या कुछ लोग दोस्तों की भलाई के लिए काम करेंगे।

शुभ अंक-6, शुभ रंग- लाल

**अंक 9:** कोई व्यक्तिगत असफलता आपके तनाव का कारण बन सकती है। जिन समस्याओं का आप सामना कर रहे हैं उनका पता लगाएं और उनका प्रबंधन करें। अपेक्षित विरासत से आपको धन लाभ हो सकता है।

शुभ अंक-29, शुभ रंग- गुलाबी



## गर्मी और लू से राहत दिलाएंगे ये ड्रिंक्स, आप भी आजमाइए

गर्मियों की अभी बस शुरूआत ही हुई है, और अभी से लोगों का घर से बाहर निकलना कम हो गया है। कई जगहों पर तो पारा 40 डिग्री के भी पार जाने लगा है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होने लगा है।

यदि आप भी अभी से लू और गर्मी से परेशान है तो सत्तू से बनने वाले कुछ ड्रिंक्स को अपने रूटीन में शामिल करें। यहां हम आपको सत्तू से बनने वाली कुछ ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको बनाना भी काफी आसान है और इसके सेवन से आपके शरीर को गर्मी से राहत भी मिलेगी।



### सत्तू का नमकीन शरबत

इस ड्रिंक को तैयार करना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए आपको सत्तू के साथ-साथ काला नमक, नींबू का रस, शहद और पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो एक गिलास में सब चीजों को मिक्स कर लें। चम्मच से अच्छी तरह इसे मिक्स करने के बाद आखिर में इसमें आइस क्यूब डाल लें।

### सत्तू का मीठा शरबत

इसे बनाने के लिए आपको सत्तू पाउडर, चीनी और पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए एक गिलास में सबसे पहले दो चम्मच सत्तू पाउडर और चीनी निकाल लें। अब इसमें पानी डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। जब चीनी घुल जाएगी तो इसमें आइस क्यूब डालें और ठंडा-ठंडा परोसें।

### सत्तू का चटपटा शरबत

यदि आपको चटपटा खाना पसंद है तो आपको प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, नमक, काला नमक, भुना जीरा की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए आपको आपको सबसे पहले पानी में बारीक सत्तू, कटा प्याज, हरी मिर्च, और अन्य चीजों को मिक्स करना है। अब इसे सही से मिक्स करें और आइस क्यूब डालकर ठंडा ही परोसें।

सत्तू और पुदीने का शरबत

इसे बनाने के लिए आपको सत्तू, पुदीने के ताजे पत्ते, नींबू का रस, शहद और ठंडे पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए एक गिलास में सभी चीजों को डालकर उसमें पानी डालें। अब पूरी तरह से मिक्स करने के बाद इसमें आइस क्यूब डालें और परोसें। चाहें तो आइस क्यूब डालना स्किप भी कर सकते हैं।

## लैपटॉप पर काम करने से कलाइयों में होता है दर्द तो करें इन योगासनों का अभ्यास



विशेषज्ञ के मुताबिक कुछ योग मुद्राएं हैं जो कलाई की मांसपेशियों को सक्रिय कर सकते हैं, लचीलापन और गतिशीलता में सुधार कर सकते हैं और रक्त संचार को बढ़ाने के साथ ही जोड़ों के कार्य को बेहतर बना सकते हैं।

### नमस्कार मुद्रा

अपने हाथों को सामने की ओर ढीला-ढाला पकड़ें। सांस अंदर लेते हुए आगे की ओर झुके बिना दोनों हाथों को नीचे की ओर धकेलें। पांच सेकंड तक इस स्थिति में रुकें और फिर सांस छोड़कर आराम करें। इस मुद्रा को दो बार दोहराएं।

### अधोमुखश्वानासन

इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले हथेलियों को घुटनों से शुरू करते हुए कंधों के नीचे तक ले जाएं और घुटनों को हिप्स के नीचे करें। इसके बाद अपने हिप्स को ऊपर उठाकर अपने घुटनों को सीधा करें। अब आपको उल्टा वी आकार बनाना है, इसके लिए आपको अपने पैरों को संयोजित करना है। फिर एड़ी को फर्श से छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड रहने के बाद फिर से दोहराएं।

### कलाई घुमाना

आरामदायक स्थिति में आकर अपनी कलाइयों को गोलाकार गति से घुमाएं, पहले दक्षिणावर्त और फिर वामावर्त। इस दौरान सामान्य रूप से सांस लें। इस मुद्रा को आप बैठकर या खड़े होकर जैसे चाहे कर सकते हैं।

### उलटी प्रार्थना मुद्रा

इस मुद्रा के लिए अपने हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर नमस्कार मुद्रा या प्रार्थना मुद्रा बनाएं। पांच सेकंड इसी स्थिति में रुके फिर आराम करें।

कार्नर न्यूज

### हार्ट में हो सकती है समस्या, न करें इसे अनदेखा

# चक्कर आना और खर्राटे लेना जुड़ा है सीधे आपके दिल से, वक्त रहते विशेषज्ञ को दिखाएं

हृदय रोग,वैश्विक स्तर पर असमय मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक माने जाते हैं। आश्चर्यजनक रूप से कम उम्र के लोगों में भी इसका खतरा बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। गड़बड़ लाइफस्टाइल से लेकर आहार के चुनाव में गड़बड़ी इन समस्याओं का प्रमुख कारण मानी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के लोगों में भी हार्ट अटैक का जोखिम देखा जा रहा है, जो निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली है। अगर आपके हृदय में कुछ गड़बड़ हो जाए, तो आपको कैसे पता चलेगा? इसके लक्षणों पर ध्यान देकर। पर क्या आप जानते हैं कि हर बार हृदय संबंधी समस्याओं के स्पष्ट संकेत नजर आएं ऐसा जरूरी नहीं है। हार्ट अटैक के मामलों में भी हमेशा ऐसा नहीं होता कि छाती में अचानक दर्द हो और फिर आप जमीन पर गिर पड़ें, जैसा कि फिल्मों में दिखाया जाता हैं। हृदय संबंधी कई लक्षण जरूरी नहीं हैं कि आपकी छाती से संबंधित ही हों। आइए जानते हैं कि हृदय की समस्याओं के किन संकेतों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है जिनपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है?



### हृदय रोगों का जोखिम

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में हृदय रोग विशेषज्ञ विन्सेंट बुफालिनो कहते हैं हृदय रोगों का जोखिम तब और अधिक हो जाता है जब आप 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हों, आपका वजन अधिक हो, या आपको मधुमेह, हाई कोलेस्ट्रॉल या उच्च रक्तचाप की समस्या हो। जितने अधिक जोखिम कारकों के आप शिकार हैं, दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा भी और अधिक बढ़ जाता है। पर अब हृदय रोग बढ़ती उम्र से संबंधित ही नहीं रहे हैं, कम उम्र से ही इसके खतरे को लेकर सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। आइए जानते हैं कि हृदय रोगों के किन लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है।

### अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना

अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना हृदय संबंधी समस्याओं की तरफ संकेत हो सकता है। वैसे तो बहुत सी चीजें आपका संतुलन खोने या बेहोशी का कारण बन सकती हैं। लेकिन अगर आपको अचानक से अस्थिरता महसूस हो और सीने में तकलीफ या सांस लेने में दिक्कत हो रही हो, तो तुरंत डॉक्टर से मदद लें। डॉ बुफालिनो कहते हैं, इसका मतलब यह हो सकता है कि आपका रक्तचाप कम हो गया है, इससे भी हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ने लग जाती हैं।

### हाथ-गले या जबड़े में दर्द

गले या जबड़े में दर्द को अक्सर मांसपेशियों की समस्या, सर्दी या साइनस की समस्या मान लिया जाता है। लेकिन अगर आपको सीने के बीच में दर्द या दबाव महसूस हो जो आपके हाथ-गले या जबड़े तक फैल जाता है, तो यह दिल के दौरे का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अचानक थकान या घबराहट महसूस होना भी हृदय स्वास्थ्य के लिए अलार्मिंग माना जाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लोगों के विरोध के बाद ऑस्कर अकादमी को मांगनी पड़ी माफी



हाल ही में ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के फलस्तीनी सह-निर्देशक हमदान बलाल पर हमला किया गया था। इस मामले पर एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने समर्थन नहीं किया था। अब विरोध के बाद इस मामले पर अकादमी ने माफी मांगी है।

यहूदियों द्वारा ऑस्कार विजेता हमदान बल्लाल पर हिंसक हमला किया गया था और उन्हें इजरायली सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले पर अकादमी द्वारा मामले का समर्थन ना करने और उनका नाम ना लेने के लिए सैकड़ों सदस्यों द्वारा विरोध किया गया था। विवाद बढ़ता देख अकादमी ने माफी मांग ली है। आइए जानते हैं पूरी खबर।

एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने बीते बुधवार को इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, लेकिन उन्होंने हमदान बल्लाल का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया। इस वजह से इसपर जांच शुरू हो गई थी। इस बयान के बाद अकादमी के लगभग 600 सदस्यों ने इसकी कड़ी निंदा की। पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में मार्क रफालो, जेवियर बार्डेम, ओलिविया कोलमैन, जोआक्विन फीनिक्स, एम्मा थॉम्पसन, पेनेलोप क्रूज और रिचर्ड गेरे शामिल रहे। इसके अलावा पत्रकार और 'नो अदर लैंड' के सह-निर्देशक युवल अब्राहम ने भी अकादमी की इस प्रतिक्रिया की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह हमदान के हमले पर चुप्पी है। सदस्यों द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया कि बल्लाल को निशाना बनाना सिर्फ उनके ऊपर हमला नहीं है, बल्कि उन सभी पर हमला है, जो सच बताने की कोशिश करता है।

### टॉलीवुड

## 'कांतारा पार्ट-1' की रिलीज को लेकर मेकर्स ने बताई सच्चाई, अभी इंतजार



ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा पार्ट-1' को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज है। लोग इस फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि इसी साल अक्टूबर में रिलीज होने वाली 'कांतारा पार्ट-1' अब आगे बढ़ गई है। इन खबरों के लगातार फैलने पर अब फिल्म के मेकर्स की ओर से इन अफवाहों पर विराम लगा दिया गया है।

फिल्म के मेकर्स की ओर से कांतारा फिल्म के नाम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक छोटा सा वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो की शुरूआत एक फैन के मैसेज से होती है। मैसेज में वो लिखता है, "भाई, क्या 'कांतारा चैप्टर-1' की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है?" इसके बाद इस मैसेज के जवाब में लिखकर आता है नो। ये नो हिंदी, अंग्रेजी समेत अलग-अलग भाषाओं में लिखकर आता है। जिसके बाद वीडियो के अंत में फिल्म का टाइटल लिखकर ये साफ कर दिया जाता है कि 'कांतारा चैप्टर 1' निर्धारित तिथि 2 जून 2025 को ही रिलीज हो रही है।

'कांतारा चैप्टर-1' 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का सीक्वल है। फिल्म पौराणिक कथाओं और देवी-देवताओं के वरदान से जुड़ी है। फिल्म की कहानी काफी अलग है, इसीलिए दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था। 'कांतारा' में ऋषभ शेट्टी के अलावा जयराम, किशोर, सप्तमी गौड़ा, मानसी सुधीर और जयसूर्या भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। अब पहली फिल्म की सफलता के बाद, मेकर्स इसका सीक्वल लेकर आ रहे हैं। जो 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### भोजपुरी

## सुहाग-वचन में बंधे मया के कहानी की पारिवारिक पृष्ठभूमि में रोमांस का तड़का



पारिवारिक और रोमांटिक कहानी को लेकर बनी फिल्म "सुहाग-वचन में बंधे मया के कहानी" 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीम का दावा है कि उनकी यह फिल्म दर्शकों को एक खूबसूरत प्रेम कहानी के साथ परिवार के मूल्यों का अद्भुत अनुभव कराएगी। फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में अनुज शर्मा और अनिकृति चौहान पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रामनवमी के अवसर पर अपने निवास कार्यालय में इस फिल्म फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। उन्होंने फिल्म के अभिनेता, विधायक और पद्मश्री से सम्मानित अनुज शर्मा सहित पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लंबे समय बाद छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एक पारिवारिक फिल्म दर्शकों के बीच आ रही है, जो परिवार, संस्कृति, परंपरा और रिश्तों की भावनात्मक गहराइयों को अभिव्यक्त करती है। फिल्म के निर्माता चंद्रशेखर तिवारी, वत्सला सौरभ शर्मा, सह-निर्माता लोकनाथ दीवान, लेखक व निर्देशक राहुल थवाईत तथा सिद्धांत भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि फिल्म एक संवेदनशील पारिवारिक कथा है। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा तथा छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू भी उपस्थित थे।

लाइफ स्टाइल



विंटेज के बहाने फैशन

विंटेज कपड़ों को अक्सर सबसे दुर्लभ और एक तरह का माना जाता है। जब स्टॉक की बात आती है तो वे आमतौर पर बहुत सीमित होते हैं और आपकी अलमारी के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त होते हैं। विंटेज कपड़े पूरी तरह से नया खरीदने की तुलना में पुनः उपयोग और रिसाइकिल कर पर्यावरण सहेजने का काम करते हैं। इन सब वजहों से विंटेज फैशन लौट-लौट कर आता है।

## तेजी से सफेद हो रहे हैं बाल तो इन बातों का रखें ध्यान, कम हो जाएगी ये समस्या

आज के समय में लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ गई है कि उसका असर सीधा लोगों के बालों पर पड़ रहा है। इसी के चलते कम उम्र में ही ज्यादातर लोगों के बाल सफेद होने लगते हैं। यदि आप भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है।

यदि बाल सफेद हो रहे हैं तो आप बस कुछ बातों का ध्यान रखकर इन्हें रोक सकते हैं। हालांकि ये जरूरी नहीं है कि इन बातों को ध्यान में रखकर आपके बाल सफेद होने से रुक ही जाएं, लेकिन आप एक बार ट्राई करके तो देख ही सकते हैं। इस लेख में हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं कि जिन लोगों के बाल सफेद हो रहे हैं, उनको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### धूप से रखें बचाकर

यदि आपके बाल बेहद कम उम्र में ही सफेद होने लगे हैं, तो उन्हें धूप से बचाकर रखें। यदि आप अपने बालों को धूप की हानिकारक किरणों में खुला रखेंगे तो उससे बालों पर और भी ज्यादा खराब असर पड़ेगा। यदि आप नहीं चाहते कि आपके पूरे बाल सफेद हो जाएं तो धूप में जाते समय बालों को कवर कर लें।

### घरेलू नुस्खे अपनाएं

कम उम्र मे कभी भी बाजार में मिलने वाले रंगों का इस्तेमाल अपने बालों पर नहीं करें। ऐसा करने से आपके बाल और भी ज्यादा सफेद हो जाएंगे। ध्यान रखें कि इस समय आपको जितना हो सके उतना घरेलू नुस्खों को ही इस्तेमाल करना है। घरेलू नुस्खे भी पैच टेस्ट के बाद भी इस्तेमाल करें, क्योंकि कई बार इससे भी परेशानी बढ़ जाती है।

### स्टाइलिंग टूल्स से रहें दूर

आजकल के समय में तो हर कोई अपने बालों को स्टाइल करने के लिए बाजार में मिलने वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करता है। ऐसे में यदि आप सफेद बालों पर ज्यादा स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है।

## स्टाइलिश और ग्रेसफुल लुक के लिए चुनें कुछ बेस्ट सूट डिजाइन्स





स्टाइलिश और रॉयल लुक पाने के लिए आपको अपने आउटफिट पर खास ध्यान देना चाहिए। यदि आप एथनिक लुक में ग्रेसफुल और एलिगेंट दिखना चाहती हैं, तो लेटेस्ट डिजाइन्स वाले सूट्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। यहा कुछ ट्रेंडिंग और रॉयल लुक देने वाले सूट डिजाइन्स दिए गए हैं, जिन्हें आप इस खास दिन पर ट्राई कर सकती हैं।

### अनारकली सूट

यदि आप ग्रैंड और क्लासिक लुक चाहती हैं तो अनारकली सूट परफेक्ट रहेगा। हैवी एम्ब्रॉयडरी या जरी वर्क वाले अनारकली सूट्स आपको शाही लुक देंगे। इसके साथ स्टेटमेंट झुमके और पंजाबी जूती पहनें।

### पेंट स्टाइल या स्ट्रेट कुर्ता सूट

यदि आप कुछ सिम्पल लेकिन एलिगेंट पहनना चाहती हैं तो स्ट्रेट कुर्ता सूट विद पैंट या चूड़ीदार परफेक्ट रहेगा। इसे चंदेरी, सिल्क या कॉटन फैब्रिक में चुनें और मिनिमल जूलरी के साथ स्टाइल करें।

### पाकिस्तानी स्टाइल सूट

यदि आपको लॉन्ग कुर्ता और स्टाइलिश दुपट्टा पसंद है तो पाकिस्तानी सूट एक अच्छा विकल्प होगा। चिकनकारी, गोटा-पट्टी या थ्रेड वर्क से सजे ये सूट बेहद रॉयल लगते हैं।

### केप स्टाइल सूट

यदि आप वेस्टर्न टच चाहती हैं तो केप स्टाइल कुर्ता या सूट ट्राई करें। यह आपको एक मॉडर्न और ग्रैंड लुक देगा। इसे स्टेटमेंट बेल्ट या हेवी दुपट्टे के साथ पेयर करें।

### बेल स्लीव और फ्लेयर्ड सूट

फ्लेयर्ड सूट्स और बेल स्लीव्स वाले कुर्ते आपको एक राजकुमारी जैसा लुक देंगे। इसे सिल्क, वेलवेट या जॉर्जेट फैब्रिक में चुनें और इसके साथ ऑक्सीडाइज्ड जूलरी पहनें।

## सनस्क्रीन में पैसा नहीं लगाना है तो इस्तेमाल करें ये चीजें, धूप से बची रहेगी आपकी त्वचा

अप्रैल का महीना शुरू हो चुका है और धूप इस कदर तेज हो गई है, मानों जैसे जून का महीना चल रहा है। ऐसे में हर कोई घर से बाहर निकलने से पहले खुद को कवर कर रहा है। यदि धूप से त्वचा को नहीं बचाया गया तो सनबर्न और टैनिंग का खतरा रहता है। इसी वजह से हर कोई घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करता है।

एक अच्छी सनस्क्रीन काफी महंगी आती है, ऐसे में आप चाहें तो कुछ घरेलू चीजें इस्तेमाल करके भी अपनी त्वचा का बचाव कर सकते हैं। यहां हम आपको सनस्क्रीन के कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं, ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे। इन चीजों का इस्तेमाल करते समय बस ध्यान रखें कि ये चीजें हल्की धूप में ही काम करती हैं।



### नारियल का तेल

यदि आप नारियल के तेल का इस्तेमाल अपनी त्वचा पर नियमित रूप से करेंगे तो इससे भी आपकी त्वचा धूप की किरणों से बची रहेगी। ये एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर भी है, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि नारियल का तेल हमेशा कम धूप में ही काम करता है। लेकिन यदि आप ज्यादा तेज धूप में इसका इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपको फर्क अवश्य दिखाई देगा।

### एलोवेरा जेल

धूप की हानिकारक किरणों से आपकी त्वचा को बचाने में एलोवेरा जेल आपकी मदद करेगा। ये सबसे आसान विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ ताजे एलोवेरा जेल को अपनी त्वचा पर अच्छी तरह से लगाना है। इसे लगाकर आप घर के बाहर भी जा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा पर एक पतली लेयर बन जाएगी जो आपकी त्वचा को बचाकर रखेगी।

## अपनी उम्र के हिसाब से खरीदें फेस सीरम, जानें किसको क्या सूट करेगा ?

य़दि आप फेस सीरम का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसे हमेशा अपने उम्र के हिसाब से ही खरीदें। हर उम्र के लोगों को अलग फेस सीरम इस्तेमाल करना चाहिए। आज के समय में लोग अपने चेहरे की परेशानियों से काफी परेशान रहते हैं। इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए तमाम चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हीं चीजों में फेस सीरम शामिल है। फेस सीरम का इस्तेमाल चेहरे की कई परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। वैसे तो इसके इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होती हैं, लेकिन यदि आप अपनी उम्र के हिसाब से फेस सीरम का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इससे आपको काफी परेशानी हो सकती है। इसी के चलते हम यहां आपको बताएंगे कि किस उम्र के लोगों को किस तरह का फेस सीरम इस्तेमाल करना चाहिए।



### 18 से 25 साल तक के लोगों के लिए

यदि आपकी उम्र 18 से 25 के बीच है तो आपको ज्यादा हैवी तत्वों वाले सीरम की जरूरत नहीं है। इसके लिए ऐसा फेस सीरम इस्तेमाल करें, जिसमें हाइलुरोनिक एसिड, ग्लिसरीन पाया जाता है। इसके अलावा यदि आपके चेहरे पर टैनिंग है तो ऐसा सीरम इस्तेमाल करें, जिसमें विटामिन सी हो। वहीं यदि आप मुंहासे या ब्लैकहेड्स से परेशान हैं तो आपके लिए सैलिसिलिक एसिड से भरपूर सीरम अच्छा रहेगा।

### 26-35 साल तक के लोगों के लिए

इस उम्र में त्वचा में काफी बदलाव आने लगता है। ऐसे में आपको अपनी त्वचा का ध्यान काफी ज्यादा रखने की जरूरत है। आपको ऐसे सीरम का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें विटामिन C और E होना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### सिंदूर से लेकर गजरा तक सब शामिल हैं इसमें

## हम अक्सर सुनते हैं 16 श्रृंगार की उपमा, लेकिन आपको इनके बारे में पूरा सच जानना भी जरूरी

हर भारतीय सुहानिग महिला के पास सजने-संवरने के लिए कुछ हो या न हो लेकिन 16 श्रृंगार का सामान अवश्य होना चाहिए। बहुत सी महिलाएं इस बारे में जानती नहीं है कि 16 श्रृंगार में क्या आता है, यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देंगे। हर भारतीय सुहागिन महिला के लिए 16 श्रृंगार काफी खास होता है। खासतौर पर जब कोई त्योहार आता है तो विवाहित महिलाएं 16 श्रृंगार करके तैयार होती हैं। 16 श्रृंगार भारतीय संस्कृति में महिलाओं के संपूर्ण साज-सज्जा और सौंदर्य का प्रतीक है। वैसे तो महिलाओं को ये याद ही रहता है कि पूजा के समय क्या -क्या श्रृंगार करने चाहिए लेकिन बहुत सी महिलाएं इसको लेकर काफी संशय में रहती हैं। ऐसे में यहां हम आपको पूरे 16 श्रृंगार की लिस्ट देने जा रहे हैं, ताकी आप भी नवरात्रि में अच्छे से ही तैयार हों।



**लाल जोड़ा:** महिलाओं के 16 श्रृंगार में सबसे पहले लाल रंग का जोड़ा आता है। इसके लिए आप लाल रंग की साड़ी, सूट या लहंगा कैरी कर सकती हैं। 16 श्रृंगार के लिए लाल जोड़ा काफी अहम होता है।

**बिंदी:** सुहागिन महिलाओं के लिए माथे पर बिंदी लगाना काफी अहम होता है। यदि आप भी 16 श्रृंगार कर रही हैं तो माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं। माथे पर छोटी सी बिंदी लगाने से लुक भी खूबसूरत लगता है।

**मेहंदी:** सुहागिन महिलाओं के लिए हाथों पर मेहंदी लगाना बेहद जरूरी होता है। हाथों पर मेहंदी लगाने से लुक बेहद खूबसूरत लगता है।

**सिंदूर:** शादी के वक्त सुहागिन महिलाओं की मांग में सिंदूर भरा जाता है। ऐसेमें जब भी पूजा करें तो मांग अवश्य भरें।

**गजरा:** अपने बालों में फूलों का गजरा लगाकर आप अपना लुक खूबसूरत बना सकती हैं। खासतौर पर जब आप एथनिक वियर पहनें, तब तो गजरा लगाना और अच्छा लगता है।



**काजल:** सारा मेकअप एक तरफ और आंखों में काजल लगाना एक तरफ। काजल लगाने से आंखे बड़ी लगती हैं और लुक प्यारा दिखता है।

**मांग टीका:** मांगटीका भी हर महिला के पास अवश्य ही होना चाहिए, इससे लुक प्यारा दिखता है।

**चूड़ियां:** हाथों में खन-खन करती चूड़ियां आपके 16 श्रृंगार और लुक को खूबसूरत बनाती हैं।

**बाजूबंद:** श्रृंगार कर रही हैं तो कम से कम एक हाथ में बाजूबंद बांधें।

**नथ:** नाक में चाहे छोटी सी नथ पहनें लेकिन पूजा के समय इसे अवश्य कैरी करें।

**कानों के झुमके:** एथनिक वियर के साथ आप कानों में झुमके पहनेंगी तो आपका लुक काफी अलग और प्यारा दिखेगा।

**पायल:** पैरों में छनकती पायल आपको सबसे अलग दिखाने में मदद करेगा।